दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 65 जयपुर, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**जरूरी खबर**

### बिहार में नीतीश सरकार ने जीता विश्वास मत



**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार ने सोमवार को विश्वास मत हासिल कर लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विश्वास मत के प्रस्ताव के पक्ष में 129 विधायकों ने ध्वनि मत से समर्थन दिया। अगर डिप्टी स्पीकर को भी शामिल कर लिया जाए तो यह संख्या 130 हो रही है। फ्लोर टेस्ट से पहले ही राजद-कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया। इसके बाद सरकार का समर्थन करने वाले सभी विधायकों की गिनती कराई। फिर डिप्टी स्पीकर ने एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने का ऐलान कर दिया।

■ पेज 7 भी देखें

### किसान आंदोलन: दिल्ली-NCR और हरियाणा में अलर्ट

**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा के 26 किसान संगठनों के 13 फरवरी को दिल्ली कूच से पहले चंडीगढ़ में किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों की मीटिंग हुई। इसमें एक-एक कर मांगों पर बातचीत हुई। मीटिंग के बाद किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि मीटिंग बेनतीजा रही। वहीं किसानों के मार्च को देखते हुए दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लगा दी गई है। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के सभी बॉर्डर सील किए जा चुके हैं। केंद्र ने बीएसएफ और सीआरपीएफ की 64 कंपनियां भेजी हैं। ■ पेज 2 भी देखें

### कतर: रिहा किए गए 8 पूर्व नौसैनिक, सात लौटे भारत

**नई दिल्ली।** कतर ने आठ भारतीय पूर्व नौसैनिकों को रिहा कर दिया है। उन्हें जासूसी के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी। भारत के अनुरोध पर सजा को कतर के अमीर ने कम कर उम्रकैद में बदल दिया था। अब उन्हें रिहा कर दिया गया है और इनमें सात पूर्व नौ सैनिक भारत भी लौट आए हैं। उन्होंने दिल्ली एयरपोर्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे लगाए और पीएम मोदी और कतर के अमीर का भी धन्यवाद दिया।

■ पेज 10 भी देखें

**सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को किया खारिज**

# डिप्टी CM की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं, यह सिर्फ एक ओहदा

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्री नियुक्ति करने की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि डिप्टी सीएम का पदनाम संविधान के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करता है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा कि उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति, कई राज्यों में पार्टी या सत्ता में पार्टियों के गठबंधन में वरिष्ठ नेताओं को थोड़ा अधिक महत्व देने की प्रक्रिया का पालन किया जाता है। यह असंवैधानिक नहीं है।



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उप मुख्यमंत्री संविधान के तहत सिर्फ सीएम की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद के सदस्य हैं और इससे ज्यादा कुछ नहीं। उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति संविधान के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है। इस आधार पर याचिका को खारिज किया जाता है। जनहित याचिका में कहा गया था कि संविधान में कोई प्रविधान नहीं होने के बावजूद विभिन्न राज्य सरकारों ने उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की है। संविधान के अनुच्छेद 164 में केवल मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति का प्रविधान है।

### देश के 14 राज्यों में 26 डिप्टी सीएम

देशभर के 14 राज्यों में इस वक्त 26 डिप्टी सीएम है। वकील मोहनलाल शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि डिप्टी सीएम की नियुक्ति का राज्य के नागरिकों से कोई लेना देना नहीं है। न ही कथित उप मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति होने पर राज्य की जनता का कोई अतिरिक्त कल्याण होता है।

### याचिका में ये कहा गया

याचिका में यह भी कहा गया था कि डिप्टी सीएम की नियुक्ति से जनता में बड़े पैमाने पर भ्रम पैदा होता है। साथ पॉलिटिकल पार्टियों द्वारा काल्पनिक पोर्टफोलियो बनाकर गलत और अवैध उदाहरण स्थापित किए जा रहे हैं, क्योंकि उपमुख्यमंत्रियों के बारे में कोई भी स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकते हैं। जबकि उन्हें मुख्यमंत्रियों के बराबर दिखाया जाता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट इसको सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया।

**नितिन गडकरी का ऐलान**

**जयपुर रिंग रोड फेज-2 के लिए 5 हजार करोड़ मंजूर**

# जयपुर से दिल्ली के बीच चलेगी इलेक्ट्रिकल केबल बस

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जयपुर रिंगरोड के द्वितीय चरण के लिए 5 हजार करोड़ की मंजूरी देने की घोषणा की है। रिंग रोड परियोजना के अंतर्गत 92 किमी के 6 लेन ग्रीनफील्ड हाइवे का काम तीन महीने में प्रारंभ किया जाएगा। गडकरी सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में उदयपुर में 2500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की 17 सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में हमें प्रदूषण फैलाने वाले परंपरागत ईंधन को छोड़कर बॉयो-डीजल जैसे वैकल्पिक ईंधन को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे हाईवे पर इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इन बसों में यात्रा सुविधाजनक होगी और किराया डीजल बसों की तुलना में 30 फीसदी कम होगा।



**राजमार्गों के विकास से प्रदेश में औद्योगिक विकास को मिलेगी गति**

इस अवसर पर उन्होंने जोधपुर एलिवेटेड रोड परियोजना को मंजूरी देने की घोषणा करते हुए कहा कि राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से यहां के सीमेंट, मार्बल और अन्य उद्योगों का तेजी से विकास होगा और राज्य प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। राज्य सरकार राजस्थान को रेलवे फाटक मुक्त बनाने की दिशा में योजना तैयार करे। केंद्र सरकार इसमें पूरी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर किशनगढ़ से दिल्ली के बीच मरम्मत का कार्य 1500 करोड़ रुपए की लागत से करवाया जा रहा है। यह कार्य जून, 2024 तक पूरा हो जाएगा। जयपुर-धौलपुर वाया कौथून-लालसोट-करौली की 93 किमी लंबी सड़क का कार्य 150 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है, जो जून-2024 तक पूरा हो जाएगा। इसी प्रकार 2000 करोड़ की लागत से 105 किमी के जोधपुर रिंग रोड का कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। गडकरी ने कहा कि शहरी क्षेत्र की तरह ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में भी आर्थिक प्रगति होनी चाहिए, इसलिए केंद्र सरकार जनजातीय क्षेत्रों में भी सड़क तंत्र के विकास और सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि उदयपुर में 900 करोड़ रुपए की लागत से 23 किमी के 6 लेन बाईपास ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने से उदयपुर शहर को अहमदाबाद जाने वाले ट्रैफिक के दबाव से निजात मिली है। उन्होंने कहा कि उदयपुर-चितौडगढ़ हाईवे का काम पूरा होने से भी आवागमन में राहत मिलेगी।

## डबल इंजन की सरकार से प्रदेश की प्रगति हुई चौगुनी: सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से प्रदेश में विकास की गति चौगुनी हुई है। उन्होंने कहा कि 2500 करोड़ रुपए से अधिक की सड़कों एवं राजमार्गों के लोकार्पण एवं शिलान्यास से प्रदेश का सड़क तंत्र सुदृढ़ होगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को जयपुर की रिंग रोड के द्वितीय फेज स्वीकृत करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अलवर, भरतपुर, सांचौर एवं टोंक जिलों में आरओबी स्वीकृत करने के लिए आभार



व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पूरा होने से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई से प्रदेश की दूरी कम होगी। इससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जयपुर-बांसवाड़ा-रतलाम हाईवे के निर्माण से प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र तो विकसित होगा ही साथ ही, खनन उद्योग को भी गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने सड़कों के निर्माण और उन्नयन में क्षेत्रीय असंतुलन पैदा किया। इस भेदभाव का निदान करने के लिए हमारी सरकार ने स्टेट रोड फंड में 1500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

**ADG रैंक के अफसरों को बनाया रेंज का प्रभारी**

# कमिश्नरेट के ADG सुनील दत्त

- दस अफसरों की डीजीपी ने रेंज आवंटित
- जिलों में कानून व्यवस्था की करेंगे समीक्षा



● सुनील दत्त



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एडीजी रैंक के अधिकारियों को जिलों में कानून-व्यवस्था की मॉनिटरिंग का जिम्मा दिया गया है। इसके तहत एडीजी रैंक के दस अधिकारियों को अलग-अलग रेंज का प्रभारी बनाकर रेंज का आवंटन किया गया है। इस संबंध में डीजीपी उत्कल रंजन साहू (यूआर) साहू ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार एडीजी (रूल्स) सुनील दत्त को जयपुर कमिश्नरेट, एडीजी (रेलवे) अनिल पालीवाल को जोधपुर रेंज और आयुक्तालय, एडीजी (आर्म्ड बटालियन) आनंद श्रीवास्तव को भरतपुर रेंज का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार एडीजी (पुनर्गठन) डॉ. प्रशाखा माथुर को पाली रेंज का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार एडीजी (हाउसिंग) बिनीता ठाकुर को जयपुर रेंज, एडीजी (भर्ती व पदोन्नति बोर्ड-साइबर क्राइम) सचिन मित्तल को अजमेर रेंज, एडीजी (कार्मिक) संजीब कुमार नार्जरी को उदयपुर-बांसवाड़ा रेंज का प्रभारी बनाया है। वहीं, एडीजी (यातायात) हवासिंह घुमरिया को बीकानेर रेंज, एडीजी (मुख्यालय) एस सेंगथिर को कोटा रेंज और एडीजी (पुलिस वेलफेयर) बिपिन कुमार पांडेय को सीकर रेंज का प्रभारी बनाया गया है।

### ऐसे करेंगे मॉनिटरिंग

एडीजी स्तर के जिन अधिकारियों को रेंज का प्रभारी बनाया गया है। वे जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति के साथ ही पुलिस प्राथमिकताओं की उच्च स्तरीय समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही अपेक्षित प्रगति के लिए नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

**BJP ने राज्यसभा चुनाव के उम्मीदवारों की घोषणा**

# राठौड़-गरासिया को बनाया प्रत्याशी





बेधड़क | जयपुर

राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को उम्मीदवार बनाए गए हैं। भाजपा की ओर से जारी एक सूची में दोनों की उम्मीदवारी की घोषणा की गई। इसमें बताया गया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों के नामों पर मुहर लगाई है। राज्यसभा की तीन सीटों के लिए राजस्थान विधानसभा में 27 फरवरी को मतदान होना है। बीजेपी, कांग्रेस, निर्दलीय और अन्य दलों के प्रत्याशियों की संख्या के हिसाब से राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के दो और कांग्रेस के एक प्रत्याशी की जीत तय मानी जा रही है। प्रत्याशियों की संख्या तीन से ज्यादा हुई तो मतदान प्रक्रिया अपनाई जाएगी, अन्यथा तीनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो जाएंगे। माना जा रहा है कि बीजेपी ने दोनों उम्मीदवारों को टिकट देकर आदिवासी और ओबीसी को साधा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में किरोड़ी लाल मीणा और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। संख्या बल के हिसाब से बीजेपी दो और कांग्रेस के एक उम्मीदवार का जीतना तय माना जा रहा है। एक उम्मीदवार के लिए जीत के लिए 51 वोट चाहिए। ऐसे में बीजेपी के पास खुद के 115 विधायक है। जबकि कांग्रेस के पास 70 विधायक है।

**अपराध: गैस कटर से खिड़की के एंगल को काटा**

# सुधार गृह से भागे 22 बाल अपचारी... किसी पर रेप तो किसी पर मर्डर केस

- जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर के सेठी कॉलोनी बाल सुधार गृह की घटना
- घटना के दौरान सुधार गृह में तैनात थे तीन सुरक्षा गार्ड
- सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कमिश्नरेट के आला अफसर

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार तड़के 22 बाल अपचारी बाथरूम के पास खिड़की को कटर से काटकर फरार हो गए। पहले बाल अपचारियों ने गैस कटर से खिड़की के एंगल को काटा। फिर जाली काटने के बाद पागल खाने के रास्ते होते हुए फरार हो गए। सिक्योरिटी गार्ड ने एक बाल अपचारी को भागने के दौरान पकड़ लिया था। घटना के दौरान सुधार गृह में तीन सुरक्षा गार्ड तैनात थे। आरोपियों में से 8 लड़कों पर दुष्कर्म और 13 लड़कों पर हत्या के प्रयास का केस चल रहा है, जबकि एक पर हत्या का केस दर्ज है। इस घटना की सूचना पर हड़कंप मच गया और मौके पर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस और पुलिस कमिश्नरेट के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में बाल सुधार गृह के अधीक्षक ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने में रिपोर्ट दी गई है।





**दो साल से थे यहां:** पुलिस ने भागने वाले बाल अपचारियों का रिकॉर्ड बाल सुधार गृह से ले लिया है। साथ ही आरोपियो के घरों के पास वाले थाने को भी सूचना दी गई है। पुलिस के अनुसार, ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में नाबालिग बाल सुधार गृह से एक साथ फरार हुए हो। सभी बाल अपचारी करीब 2 साल से बाल सुधार गृह में रह रहे थे।

### हर साल फरार हो जाते हैं बाल अपचारी

बाल सुधार गृह से बाल अपचारियों के भागने की यह पहली घटना नहीं है। प्रदेश के विभिन्न बाल सुधार गृह से हर साल दर्जनों बाल अपचारी जेल तोड़कर फरार होते रहे हैं। जयपुर के सेठी कॉलोनी में स्थित बाल सुधार गृह से भी हर साल बच्चे जेल तोड़कर भागते रहे हैं। 28 जून, 2023 को 15 बच्चे भागे थे। 16 सितंबर, 2023 को भी 3 बच्चे भाग गए थे। 14 दिसंबर, 2022 को 6, 3 जनवरी, 2017 को 9, 8 दिसंबर 2016 को 15 और 12 नवंबर 2016 को भी 17 बाल अपचारी बाल गृह की खिड़कियां, दरवाजे तोड़कर या कभी दीवार फांद कर भाग चुके हैं।

### 2 साल पहले बाल गृह में हुई हत्या

17 मई, 2022 को जयपुर के बाल सुधार गृह में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। 17 मई की रात को सोनू नाम के बाल अपचारी की लोहे की रॉड से पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी। सोनू ऊर्फ बंटी 4 साल से बाल सुधार गृह में बंद था। उसके खिलाफ मारपीट, लूट, दुष्कर्म और हत्या के प्रयास सहित कई संगीन मामले दर्ज थे। बाल सुधार गृह में भी वर्चस्व की लड़ाइयां होती रहती है। इसी वजह से सोनू के नींद में होने के दौरान लोहे की रॉड से हमला करके उसकी हत्या कर दी गई थी। हत्या की घटना के दौरान किसी को पता नहीं चला। अगले दिन 18 मई की सुबह हत्या की जानकारी बाल सुधार गृह प्रशासन को लगी।

## जरूरी खबर

### संभागों से अयोध्या के लिए 15 से रवाना होगी बस

**जयपुर।** प्रदेश के लोगों को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने के लिए रोड़वेज ने तैयारी कर ली है। रोडवेज के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि सात संभाग मुख्यालयों जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा एवं अजमेर से अयोध्या के लिए एक्सप्रेस बस सेवा 15 फरवरी शुरू होगी। इस के लिए ऑनलाइन आरक्षण की सुविधा प्रारम्भ कर दी गई है। ऑनलाइन आरक्षण सुविधा के लिए निगम की वेबसाईट https://rsrtconline.rajasthan.gov.in पर जाकर टिकट बुक करने के साथ-साथ सातों संभागों के बुकिंग काउन्टर से भी टिकिट प्राप्त किए जा सकते हैं।

### सोनिया गांधी को प्रदेश से प्रत्याक्षी बनाने की मांग



**जयपुर।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने की मांग उठी है। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से प्रस्ताव बनाकर सोनिया गांधी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि हमने हाईकमान से आग्रह किया है कि सोनिया गांधी को राज्यसभा उम्मीदवार बनाया जाए, इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।

### सांसद रामचरण बोहरा ने कसानों को बताया संक्रमण

**जयपुर।** किसानों के दिल्ली कूच पर बीजेपी हमलावार हो रही है। इसके लिए बीजेपी नेताओं की ओर से निशाना साधा जा रहा है। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने किसानों को संक्रमण बताया। रामचरण बोहरा सोमवार को जयपुर में किसान मोर्चा द्वारा आयोजित ग्राम परिक्रमा यात्रा के शुभारंभ के लाइव प्रसारण कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। किसानों के कूच से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि इसमें पॉलिटिकल विचारधारा के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बारिश होने पर कई तरह के संक्रमण पैदा हो जाते हैं। उसी तरह से चुनाव आने पर इस तरह के लोग सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल विकास का एजेंडा लेकर काम करती है। बीजेपी केवल चुनाव और राजनीति को लेकर नहीं चलती हैं। भारतीय जनता पार्टी सबका विकास करती हैं।

**चिकित्सा विभाग की** एसीएस शुभ्रा सिंह के निर्देश पर अस्पतालों की दशा सुधारने को चलेगा अभियान

# अस्पतालों का सघन निरीक्षण, लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चिकित्सा विभाग एक्टिव मोड पर है। विभाग के अधिकारी आए दिन अस्पतालों के दौरें कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब प्रदेशभर में 15 से 29 फरवरी तक अस्पतालों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा।

लक्ष्य के अनुरूप निरीक्षण नहीं करने और निरीक्षण के बाद चिकित्सा संस्थानों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध एक्शन लिया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने यह निर्देश सोमवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण एवं 100 दिवसीय कार्य योजना सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक में दिए।



उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य चिकित्सा संस्थानों का सिर्फ निरीक्षण करना नहीं है, बल्कि वहां मिलने वाली सुविधाओं में सुधार कर आमजन को अधिक से अधिक राहत पहुंचाना है। सभी अधिकारी चिकित्सा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. लोकेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। समस्त मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, पीएमओ, बीसीएमएचओ एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक भी वीसी से जुड़े।

### साफ-सफाई के लिए क्यूआर कोड करें स्केन

एसीएस सिंह ने कहा कि अभियान में सिर्फ बड़े अस्पतालों का ही नहीं, निचले स्तर तक चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण भी किया जाए। एक भी संस्थान निरीक्षण से नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई के लिए क्यूआर कोड सिस्टम को प्राथमिकता के साथ शुरू करें। बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सभी चिकित्सा संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। बैठक में बताया गया कि अब तक प्रदेश के करीब 51 प्रतिशत चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए रैंकिंग सिस्टम भी विकसित किया गया है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### आरएमआरएस कोष का किया जाए सदुपयोग

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में आरएमआरएस कोष का सदुपयोग करने के साथ ही भामाशाहों, स्वयंसेवी संस्थानों एवं एनजीओ आदि से भी सहयोग लिया जा सकता है। स्वास्थ्य मेलों के आयोजन आवश्यक रूप से करने के साथ ही कैंसर स्क्रीनिंग के कार्य को पूरा किया जाए। सिंह ने भवन रहित चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि चिन्हीकरण एवं निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

**कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने लिया एक्शन**

# जलजीवन मिशन घोटाले में 5 अधिकारियों को किया सस्पेंड

- महवा में कार्यक्रम के दौरान मंत्री को मिली शिकायत
- ED भी दौसा में जल जीवन मिशन के तहत हुए घोटाले की जांच में जुटी

बेधड़क | जयपुर

जलजीवन मिशन राजस्थान की प्रमुख योजनाओं में से एक है, यह योजना कई लोगों की प्यास बुझाने के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। पिछली सरकार में भी यह योजना भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में रही, वहीं इस सरकार में भी इस योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने निकल कर आया है। राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी आज दौसा जिले के महआ के एक कार्यक्रम में पहुंचे। जहां जल जीवन मिशन में घोटाले की सूचना मिलने पर मंत्री एक्शन में आ गए।

जिसके चलते जलदाय विभाग के 5 अधिकारियों पर गाज गिरी। मौके पर जांच कर जन स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया गया। पिछले लंबे समय से जल जीवन मिशन योजना में महवा उपखंड की शिकायत मिल रही थी और ED भी दौसा जिले में जल जीवन मिशन के तहत हुए घोटाले की जांच में जुटी है।



**इन अधिकारियों को किया निलंबित**

PHED मंत्री चौधरी ने कनिष्ठ अभियंता दारा सिंह मीणा, सहायक अभियंता नानग राम बेरवा, एक्सईएन सिद्धार्थ मीणा, एक्सईएन हेमंत मीणा, JEN महाराज सिंह गुर्जर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### शिलान्यास करने गए मंत्री को मिली शिकायत

दौसा में अधिकारियों की लापरवाही सामने आने के बाद खुद पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने विभाग की टीम को साथ लेकर महुआ क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के कार्यों का किया। निरीक्षण के दौरान खराब गुणवत्ता वाली पाइपलाइन खराब मोटर पंप मिले तो मंत्री एक्शन में आ गए। बता दें कि मंत्री महवा ईसरदा पेयजल योजना का शिलान्यास करने के लिए आए थे, जिस दौरान उन्हें यह शिकायत मिली थी।

### हर घर पहुंच रहा नल से स्वच्छ जल

राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सोमवार को महवा विधानसभा क्षेत्र में जलजीवन मिशन ईसरदा दौसा पेयजल परियोजना के तहत मौजपुर एवं गौहण्डी मीना में 468.32 करोड़ से बनने वाले पम्प हाउस के कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा व महवा विधायक राजेंद्र मीणा भी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि का इन जल संवर्धन योजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। मैं इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं, जिनके नेतृत्व में भारत प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है और मैं कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के हर घर मे नल से स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है।

**सीएलजी मेंबर किए जाएंगे रिव्यू**

# अपराधिक छवि वाले CLG सदस्यों की होगी छुट्टी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में शांति समिति (सीएलजी) के सदस्यों को रिव्यू किया जाएगा। अगर इनमें से कोई सीएलजी सदस्य राजनीतिक, अवांछित या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति पाया जाता है तो उसे हटाया जाएगा।

इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी कर ली है। इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कम्युनिटी पुलिसिंग) बीएल मीणा ने सोमवार को सभी पुलिस अधिकारियों को आदेश जारी भी किए है। एडीजी मीणा ने बताया कि समाज में शांति व्यवस्था एवं सद्भाव कायम करने के उद्देश्य से जनता व पुलिस के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय के लिए सामुदायिक संपर्क समूह सीएलजी का गठन किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस थानों के औचक निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कुछ सीएलजी सदस्य राजनीतिक, अवांछनीय एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं।

मीणा ने बताया कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त सीएलजी सदस्यों की सदस्यता पुलिस थानों में होने को पुलिस मुख्यालय ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।

इसके लिए सभी रेंज एवं जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अयोग्य सदस्यों को तुरंत ही सीएलजी सदस्यता से मुक्त कर उनके स्थान पर सुयोग्य सदस्यों का मनोनयन किया जाए।

### नए सदस्यों को चुनने में नियमों की सख्त पालना

एडीजी ने बताया कि जिन सीएलजी सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, उनके स्थान पर भी नए सीएलजी सदस्य बनाए जा रहे हैं। इनके मनोनयन में योग्यताओं की पूर्णतया कड़ाई से पालना सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही सभी पुलिस अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि जिले के समस्त पुलिस थानों में प्रत्येक माह के दूसरे सप्ताह में सीएलजी सदस्यों की मीटिंग आयोजित की जाए।

**आईटी सेक्टर को बढ़ावा के लिए होगा मंथन**

# आईटी ट्रेड शो 16 से, 90 से अधिक कंपनियां जुटेंगी

बेधड़क | जयपुर

देश में बड़े शहरों की तर्ज पर अब राजधानी में भी आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए सरकार के साथ-साथ निजी संस्थाएं आगे आ रही हैं। इसके लिए 16 से 18 फरवरी तक 'आईटी वाईस एक्सपो 2024' झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा।

तीन दिवसीय एक्सपो में करीब 90 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी और सेवाओं के बारे में भी जानकारी देंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, आईटी मिनिस्टर कर्नल राज्यवर्धन सिंह और कई विधायक और उप मुख्यमंत्री मंत्री के साथ विभाग के सचिवों को आमंत्रित किया गया है।




आईटी वॉयस के सीईओ डॉ. तरुण टॉक ने बताया कि इस ट्रेड शो में प्रदेश के जिलों के कंप्यूटर और आई टी ट्रेड एसोसिएशन के लोग भी लेंगे। इस ट्रेड शो के साथ टॉक शो, वर्कशॉप और अवार्ड सेरेमनी भी रहेगी। एक्सपो के मुख्य स्पॉन्सर गिकेन कंपनी व अन्य स्पॉन्सर में कॉम्प प्रिंट, सेक्वराइट, एच पी, एसर, माइक्रोटेक, लाइनटेक, सर्वरवाला आदि रहेंगे। आई टी वॉइस एक्सपो में 30 से अधिक टॉक शो के माध्यम से और देश के 60 से अधिक आई टी क्षेत्र के विशेषज्ञ वक्ता शामिल होंगे।

**विधानसभा अध्यक्ष बोले-** 7 दिनों में वॉट्सएप चैनल होगा शुरू

# जल्द डिजिटलाइज्ड होगी विधानसभा

बेधड़क | जयपुर

सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते डिजिटलाइजेशन के बीच अब राजस्थान विधानसभा भी जल्द डिजिटलाइज्ड होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जल्द ही डिजिटल चैनल की भी शुरुआत होगी।

अगले 7 दिनों में वॉट्सएप चैनल शुरू भी हो जाएगा। देवनानी ने कहा कि हमारा प्रयास राजस्थान की विधानसभा को 40 से 45 दिन चलाने का रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से भी आग्रह करूंगा कि विधायक जो मुद्दा विधानसभा में उठाते हैं, उन मुद्दों पर सरकार ध्यान देते हुए जवाब दे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी राजसमंद जाते समय



कुछ देर के लिए भीलवाड़ा सर्किट हाउस में रुके थे। विधानसभा की कार्यवाही को लेकर उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा की कार्यवाही 8 दिन चली। राजस्थान के इतिहास में हमेशा श्रेष्ठ परंपरा रही है, उसको हम मेंटेन कर रहे हैं। अभी तो छोटा सेशन रहा, केवल लेखानुदान पारित हुआ। अब जुलाई के प्रथम वीक में सत्र आयोजित होगा।

विधानसभा की कार्यवाही के लाइव प्रसारण के सवाल पर देवनानी ने कहा कि वर्तमान में विधानसभा की कार्यवाही का यूट्यूब चैनल के जरिए लाइव प्रसारण होता है। हमारी योजना है कि इसका डिजिटल चैनल प्रारंभ करें, इसके लिए प्लान बनाना शुरू कर दिया है। वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा का नाम सबसे ऊंचा है, लेकिन परिवर्तन प्रकृति का नियम है। इसमें नवाचार किए जाते हैं। हम भी विधानसभा को पेपरलेस बनाने, डिजिटल चैनल बनाने, हेल्प डेस्क बनाने को लेकर प्रयास कर रहे हैं।

**किसान आंदोलन का असर**

# राजस्थान-पंजाब बॉर्डर सील, लोहे-सीमेंट के बैरिकेड्स से रोकी राह

## किसानों को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

बेधड़क | जयपुर

संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न किसान संगठनों की ओर से राजधानी दिल्ली में मंगलवार को धरना प्रदर्शन प्रस्तावित है। ऐसे में इसे देखते हुए श्रीगंगानगर और अनुपगढ़ जिलों के पंजाब व हरियाणा से लगे बोर्डर्स को सील कर दिया गया। साथ ही इन इलाकों में किसानों को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसके तहत सोमवार को बॉर्डर सील करने के लिए सीमेंट और लोहे के बैरिकेड्स मंगवाए गए। साथ ही बॉर्डर सील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। वहीं, बहरोड़ से लगे दिल्ली बॉर्डर पर भी अधिकारियों ने जायजा लिया।

वहीं, राजस्थान पंजाब बॉर्डर की साधुवाली और पतली चेक पोस्ट पर एसपी विकास शर्मा सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीओ ग्रामीण अमरजीत चावला ने बताया कि मंगलवार को रोडवेज, लोक परिवहन समेत अन्य बसों का संचालन बाधित रहेगा। इसके साथ-साथ भारी वाहन भी नहीं आ जा सकेंगे। प्रशासन ने आमजन से अतिआवश्यक कार्यों को घर से छोड़कर बाहर नहीं निकलने की अपील की है। डीएसपी पाठक ने बताया कि बहरोड़ के मांढण में हरियाणा बॉर्डर पर 12 पुलिसकर्मियों का जाप्ता लगाया गया है, जबकि शाहजहांपुर बॉर्डर 30 जवानों और अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। यहां शाहजहांपुर थानाधिकारी रामकिशोर शर्मा मॉनिटरिंग करेंगे।



### रूट में बदलाव

मंगलवार को दोनों जिलों के पंजाब और हरियाणा से लगे बॉर्डर सील रहेंगे। हालांकि, प्रशासन ने आवागमन के लिए कई रूट तय किए हैं, जिसके अनुसार बीकानेर से नेशनल हाइवे होते हुए श्रीगंगानगर के जरिए हरियाणा की ओर भारी वाहन जा सकेंगे। इसके अलावा अर्जुनसर, पल्लू, भानीपुरा, सरदारशहर होते हुए चुरू से हरियाणा जाया जा सकेगा तो बीकानेर से नेशनल हाइवे के जरिए श्रीगंगानगर से पंजाब व हिसार की तरह भारी वाहन जाएंगे। इसी प्रकार भारी वाहन अर्जुनसर, पल्लू, नयाखाली, नोहर व भादरा होते हुए जाएंगे। श्रीगंगानगर से साधुवाली, पतली व कोठा पुल और अन्य रास्तों से सभी प्रकार के भारी वाहनों पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। वहीं, अनूपगढ़ से आने वाले भारी वाहन सूरतगढ़ से होकर अर्जुनसर और पल्लू की तरफ जाएंगे।

### अलवर बॉर्डर छावनी में तब्दील

अलवर से लगे राजस्थान हरियाणा बॉर्डर शाहजहांपुर में किसान आंदोलन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो चुका है। यहां पुलिस का जाप्ता तैनात किया गया है। कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा सोमवार शाम को राजस्थान हरियाणा बॉर्डर के सिंह द्वार शाहजहांपुर पहुंची, जहां उन्होंने बॉर्डर पर होने वाली हर गतिविधि का जायज लिया है। हालांकि, यहां फिलहाल तक कोई हलचल नहीं हैं, लेकिन पिछली बार कांग्रेस सरकार में राजस्थान हरियाणा बॉर्डर पर ही सबसे लंबा आंदोलन चला था। सरकार ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोमवार और मंगलवार को यहां पुलिस जाप्ता बड़ी मात्रा में लगाया जाए।

## जरूरी खबर

### बसंत पंचमी पर बिहार समाज करेगा सरस्वती पूजा



**जयपुर।** बसंत पंचमी पर 14 फरवरी को बिहार समाज संगठन-की ओर से हसनपुरा रोड एनबीसी के पास दुर्गा विस्तार कॉलोनी में सामूहिक रूप से सरस्वती पूजा की जाएगी। कार्यक्रम में पूजा के साथ सांस्कृतिक संध्या भी होगी। बसंत महोत्सव में मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान होंगे। समाज के महासचिव चंदन मंडल ने बताया सरस्वती पूजा की तैयारियों को लेकर बिहार समाज संगठन की सोमवार को बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा भी शामिल होंगे।

### बजट में घोषित भर्तियों की विज्ञप्ति जारी करने की मांग

**जयपुर।** राजस्थान एग्रीकल्चर स्टूडेंट्स एसोसिएशन(RASA) ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा बजट में घोषित 70000 पदों में से कृषि विभाग के 5-6 हजार पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सीताराम भाकर और सचिव जीतू गुर्जर ने बताया कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर अभियान भी चलाया गया। एसोसिएशन की मांग है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि पर्यवेक्षक पद का सृजन किया जाए, कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी का अनुपात 4:1 किया जाए तथा सहायक कृषि अधिकारी के पदों का सृजन किया जाए, कृषि अधिकारी / कृषि अनुसंधान अधिकारी के पद का सृजन किया जाए। कृषि विवि में लंबे समय से रिक्त टीचिंग और नॉन टीचिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया अतिशीघ्र करवाई जाए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक ने जयपुरिया अस्पताल का किया निरीक्षण

# मांग समय पर भेजें... ताकि रोगियों को आसानी से मिल सके दवा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने सोमवार को रुक्मणि देवी बेनी प्रसाद जयपुरिया राजकीय चिकित्सालय के दवा वितरण केंद्रों एवं सब-स्टोर का निरीक्षण किया।

गिरि ने निरीक्षण के दौरान औषधियों की एक्सपायरी डेट, दवाओं को स्टोरेज करने की व्यवस्था एवं वितरण प्रक्रिया का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले रोगियों को दवा वितरण सुगमतापूर्वक किया जाए। दवाओं की समुचित उपलब्धता बनाए रखने के लिए उनकी मांग के प्रस्ताव समय पर बनाकर भेजे जाएं।

प्रबंध निदेशक ने दवा वितरण केन्द्रों पर कार्यरत कार्मिकों को ई-औषधि सॉफ्टवेयर एवं औषधियों की एक्सपायरी डेट के संबंध में प्रशिक्षित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, औषधियों की निर्बाध उपलब्धता रखने, अवधिपार औषधियों का नियमानुसार निस्तारण कराने एवं चिकित्सालय में रखे उपकरणों को तत्काल सही कराने के लिए भी निर्देश दिए।



### रोगियों एवं परिजनों से लिया फीडबैक

गिरि ने निरीक्षण के दौरान रोगियों एवं परिजनों से बातचीत कर दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति के बारे में फीडबैक लिया। अस्पताल में दवा वितरण, भण्डारण एवं कार्मिकों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

### निरीक्षण के दौरान ये रहे साथ

निरीक्क्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. महेश मंगल, अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. अनिल गुप्ता, उप नियंत्रक डॉ. राकेश हीरावत, मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृह जयपुर के प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्या प्रकाश मीना भी उपस्थित रहे।

## 4-5 दिन शांत रहेगा मौसम, कई शहरों में तापमान बढ़ने की संभावना

# सुबह और शाम रहेगा सर्दी का पहरा, दिन में धूप करेगी दौरा

## उधर... माउंट आबू में तापमान जमाव बिंदु पर, ओस की बूंदें जमी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में सोमवार को मौसम का मिजाज मिला जुला रहा। सुबह हल्की सर्द हवा चली तो दिन में आसमान साफ रहा। इसके चलते न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में अगले 4-5 दिन तक कोई वेदर एक्टिविटी नहीं होगी। आसमान साफ रहेगा और सुबह-शाम सर्दी बरकरार रहेगी।

प्रदेश में हल्के प्रभाव का वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ, जिसके असर से जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और चूरू के आसपास बादल छाए रहे। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में सुबह घना कोहरा रहा। जैसे-जैसे सूरज चढ़ा आसमान साफ होता गया। माउंट आबू में तापमान जमाव बिंदु पर दर्ज हुआ। ओस की बूंदें बर्फ में बदल गईं।



### कहां पर कितना रहा न्यूनतम तापमान

उदयपुर, कोटा, श्रीगंगानगर और चूरू में आज न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। बीकानेर और जैसलमेर में आज बादलों के कारण तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई। जैसलमेर में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री बढ़कर 12.6, जबकि बीकानेर में 12.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। श्रीगंगानगर में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### 16-17 से मौसम में बदलाव की संभावना

जयपुर मौसम केंद्र से जारी फोरकास्ट के मुताबिक, राज्य में अगले तीन-चार दिन मौसम साफ रहेगा। जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा में आसमान साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। इन शहरों में अब धीरे-धीरे दिन का तापमान बढ़ने लगेगा और सर्दी कम होने लगेगी। सुबह-शाम मिनिमम टेम्प्रेचर 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा और सर्दी रहेगी। 16-17 फरवरी से प्रदेश के मौसम में बदलाव होने की संभावना है।

### माउंट आबू में पेड़-पौधों पर बर्फ

हिल स्टेशन माउंट आबू में आज पांचवें दिन भी तापमान जमाव बिंदु पर दर्ज हुआ। यहां सुबह पेड़-पौधों के पत्तों और फूलों पर ओस की बूंदें जम गईं। इन पर बर्फ की हल्की लेयर नजर आई। इसी के साथ गलन भरी सर्दी भी रही। आबू में सुबह-शाम हल्की सर्द हवा चलने से सर्दी का असर बढ़ गया।

## पोस्टर का विमोचन किया

# जयपुर में होगा धर्मोत्सव जुटेंगे देश-विदेश के संत



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में श्री पावन धाम सेवा समिति, श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट व माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर से जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिला सभागार में धर्मोत्सव पर्व के लिए पोस्टर लॉन्च किया गया। 18 से 24 फरवरी तक प्रोग्राम चलेगा। श्री पंच खंड पीठाधीश्वर के आचार्य स्वामी सोमेन्द्र महाराज व श्री धर्म फाउंडेशन के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया, कि श्री पंचखंड पीठ के निवर्तमान पीठाधीस ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत आचार्य स्वामी धर्मेन्द्र महाराज की स्मृति में श्री पंचखंड पीठ के द्वारा धर्मोत्सव होगा। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गोविन्द गिरी, ट्रस्ट अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी कमलनयन दास, पदम श्री बह्मेशानंद महाराज, वृंदावन के श्री राधे राधे बाबा, वलसाड गुजरात के रामदास महाराज, कैलिफोर्निया अमेरिका से स्वामी स्वायत्तानंद महाराज सहित अनेक पीठों के आचार्य व संतों को आमंत्रित किया गया है।

# 4 ई-मित्र कियोस्क बर्खास्त

**जयपुर।** जालसाजी करने एवं फर्जी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले जयपुर जिले के चार ई-मित्र कियोस्क को बर्खास्त कर दिया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई ने बताया कि बर्खास्त किए गए ई-मित्र कियोस्क फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज लगाकर गलत तरीके से मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के दोषी पाए गए हैं। अतिरिक्त सचिव, जिला ई-गवर्नेन्स सोसायटी ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि जांच में दोषी पाये जाने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के नियमों के अनुसार कियोस्क हिमांशु साहू (एसवीजी एक्सप्रेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड), रामस्वरूप शर्मा (अक्ष ऑप्टिफाइबर), अनिल चंदवाड़ा (अक्ष ऑप्टिफाइबर), सुनील प्रजापत (अक्ष ऑप्टिफाइबर) को बर्खास्त किया गया है।

## शादी में शिरकत



**जयपुर।** जगतपुरा के निजी मैरिज गार्डन में विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी के सीईओ ओमकार बगड़िया की बहन अनीता की शादी में 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शिरकत कर नवदंपती को आशीर्वाद दिया। इस दौरान बगड़िया परिवार ने विनायक शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे विनायक शर्मा से कई गणमान्य लोगों ने मुलाकात की।

## डॉ. राजेश कुमार व्यास को अतिरिक्त निदेशक बनाया

# DIPR के 25 अधिकारी पदोन्नत

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने आदेश जारी कर सोमवार को जनसम्पर्क सेवा के संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक, सहायक निदेशक एवं जनसम्पर्क अधिकारियों के कुल 25 अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति प्रदान की है। आदेश के अनुसार राजभवन, सचिवालय में कार्यरत संयुक्त निदेशक डॉ. राजेश कुमार व्यास को अतिरिक्त निदेशक, उप निदेशक नर्बदा इन्दोरिया, मनमोहन हर्ष, हरिओम सिंह गुर्जर, मोतीलाल वर्मा एवं जसराम मीणा को संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार सहायक निदेशक लीलाधर, विवेक जादौन, डॉ. आशीष खंडेलवाल, गौरीकांत शर्मा, विजय खंडेलवाल, हेमन्त सिंह एवं मानसिंह मीणा को उप निदेशक के पद पर पदोन्त किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी पूनम खंडेलवाल, ऋतु सोढी, प्रमोद कुमार वैष्णव, भानुप्रताप सिंह गुर्जर, योगेन्द्र शर्मा, आशीष कुमार जैन, सोहन लाल, साक्षी पुरोहित, वीरसेन, धर्मेन्द्र कुमार मीना, विनोद मोलपरिया एवं सुमन मान्तुवाल सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नत किए गए हैं।



## बैठक में उठाई मांग

# गुर्दा रोगियों को भी दिव्यांग की तरह मिले फ्री यात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

डाइयलिसिस व गुर्दा प्रत्यारोपण करवा चुके मरीजों को भी दिव्यांग मानते हुए राज्य परिवहन बसों में रियायती किराए पे यात्रा की सुविधा का लाभ देने सहित अन्य मांगों को लेकर किडनी पेशेंट्स वेलफेयर सोसायटी राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपेगी। यह निर्णय सोसायटी की रविवार को हुई मासिक बैठक में लिया गया।

बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और नवगठित राज्य सरकार के समक्ष राज्य के हजारों गुर्दा रोगियों की और से विभिन्न मांगों के लेकर ज्ञापन देने पे एक राय बनी। संस्था के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने बताया कि गुर्दा रोगियों अपनी असाध्य बीमारी की वजह से हर रोज किसी न किसी समस्या का सामना कर रहे हैं, गुर्दा रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्स्कों की देख रेख में जीवन यापन करना पड़ता है, निरंतर कई महंगी जांचों व जीवनोपयोगी दवाइयों के खर्चो के कारण मरीज के परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो जाती है।




### इन मांगों पर ज्ञापन देने का किया गया निर्णय

- कैडेवर अंगदाता के आश्रित परिवारजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए। इससे कैडेवर अंगदान को बढ़ावा मिलेगा।
- राज्य सरकार द्वारा कैंसर, थेलिसिमिया व विकलांग मरीजों को राज्य परिवहन की बसों में मिलने वाली मुफ्त अथवा रियायती दरों पे सफर की सुविधा डाइयलिसिस व गुर्दा प्रत्यारोपण करवा चुके मरीजों को भी दी जाए।
- डाइयलिसिस और गुर्दा प्रत्यारोपण करवा चुके मरीजों को राज्य सरकार की संविदा नौकरियों में प्राथमिकता दी जाए। कौशल विकास से आजीविका सृजन पर विचार किया जाए।
- राज्य के अंग प्रत्यारोपण करवा चुके मरीजों को भी इस प्रकार की मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## मुख्यमंत्री के एरिए में सड़क पर सीवर का पानी



*एशिया की सबसे बड़ी आवासीय कालोनी। प्रदेश के मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र, इसके बावजूद कई दिनों से वीटी रोड पर करीब आधा किलोमीटर तक सड़क पर सीवर लाइन का गंदा पानी फैला हुआ है। इससे स्थानीय लोगों को खासी परेशानी हो रही है। वीटी रोड मानसरोवर कॉलोनी का मुख्य मार्ग होने के साथ ही गोपालपुरा बायपास को न्यू सांगानेर रोड से जोड़ता है।*

**फोटो राजेश कुमावत**

## जरूरी खबर

### यमुना जल की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन



**झुंझुनूं।** यमुना जल समझौते को लेकर सोमवार झुंझुनूं में कलेक्ट्रेट पर सभा हुई। इसमें जिलेभर से किसान शामिल हुए। सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार व पिलानी विधायक पितराम सिंह काला ने जनसभा में शामिल होकर आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा यमुना का पानी शेखावाटी का बड़ा मुद्दा है। यहां की जनता अपने हक को तरस रही है। इस मामले को विधानसभा में उठाया जाएगा। यमुना जल महा संघर्ष समिति के सदस्य यशवर्द्धन सिंह शेखावत ने कहा कि झुंझुनूं जिला गंभीर जल संकट है और जिले के 8 ब्लॉक डार्क जोन घोषित किए जा चुके हैं।

### आज 30 से ज्यादा इलाकों में पेयजल सप्लाई बंद

**कोटा।** पाइप लाइन लीकेज दुरुस्त करने के चलते मंगलवार को कोटा शहर के कई इलाकों में पानी की सप्लाई बंद रहेगी। जलदाय विभाग की ओर से नयापुरा अबलामीणी बावडी के पास में 1300 एमएम पाइप लाइन के लीकेज को दुरुस्त करने के लिए 13 घंटे का शट डाउन लिया जाएगा। अधिशाषी अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर खंड द्वितीय ने बताया कि क्षेत्र में मंगलवार को जलापूर्ति नहीं हो सकेगी। बुधवार को इन क्षेत्रों में सुबह से कम दबाव में पानी की सप्लाई शुरू हो सकेगी।

### उच्चैन पंचायत समिति के प्रधान अवाना निलंबित



**भरतपुर।** जिले के उच्चैन पंचायत समिति के प्रधान हिमांशु अवाना को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा वीडिओ और एएओ को भी वित्तीय अनियमितताओं का दोषी माना गया है। जिला परिषद सीओ ने राज्य सरकार को पत्र भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग की उप शासन सचिव रेखा सांवरिया ने वित्तीय अनियमितताओं को लेकर उच्चैन पंचायत समिति के प्रधान हिमांशु अवाना को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। जिला परिषद द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी से कराई गई जांच में उच्चैन प्रधान, तत्कालीन बीडीओ और एएओ को वित्तीय अनियमितताओं का दोषी माना गया था।

**सरकार सख्त:** शिक्षा मंत्री बोले- अवैध संपत्ति पर चलेगा बुलडोजर, ब्याज सहित वसूला सैलरी के रूप में लिया पैसा

# 20 साल नहीं गए स्कूल... स्टेपनी शिक्षक लगा उठाते रहे वेतन

### शिक्षक दंपती ने स्कूल में खुद की जगह लगा रखे थे तीन फर्जी शिक्षक

बेधड़क | बारां

राजस्थान में सरकार बदलते ही बीते साल दिसंबर महीने में जिले के मेलखेड़ी इलाके के राजपुरा स्कूल में स्टेपनी शिक्षक लगाने का मामला सामने आया था। इस पर पुलिस ने कार्रवाई की थी और शिक्षा विभाग ने दोनों आरोपी शिक्षक दंपती को निलंबित कर दिया था। वर्तमान में दोनों फरार चल रहे हैं। इस बीच शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने इस मामले को लेकर बड़ा बयान दिया है। बारां के दौरे पर पहुंचे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आरोपी शिक्षकों को लेकर कहा कि यह शिक्षक दंपती 20 सालों से अपनी ड्यूटी पर स्कूल नहीं जा रहे थे।

स्टेपनी शिक्षकों के जरिए स्कूलों में पढ़ाई करवा रहे थे। ऐसे में इन शिक्षकों से 20 साल का वेतन ब्याज सहित शिक्षा विभाग वसूल करेगा। मदन दिलावर ने कहा कि इन 20 सालों में शिक्षक दंपती मंजू गर्ग और विष्णु गर्ग ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। ऐसे में इस खिलवाड़ की भी धन के रूप में गणना की जाएगी और यह राशि भी दंपती से वसूली जाएगी। मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षक दंपती ने अवैध रूप से जो भी संपत्ति बनाई है, उसे भी बुलडोजर चला कर गिराया जाएगा।



### छात्राओं से छेड़छाड़ के मामलों में भी चलेगा बुलडोजर

'आओ गांव चलो अभियान' के तहत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रात्रि प्रवास किया था। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक की ओर से बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले को लेकर कहा कि छेड़छाड़ या अन्य घटनाएं सामने आएंगी तो अपराधियों की अवैध संपत्ति पर भी बुलडोजर चलाया जाएगा। अपने प्रवास के दौरान दिलावर ने गांव में स्थित देवस्थानों के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक कंवरलाल मीणा और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 2 महिलाओं सहित 3 डमी शिक्षक गिरफ्तार

बारां पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि राजपुरा गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में डमी शिक्षकों के पढ़ाने का मामला सामने आने पर सदर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस की टीम ने आरोपी शिक्षक विष्णु गर्ग व मंजू गर्ग के स्थान पर पढ़ाने वाले तीन डमी शिक्षकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिक्षक विष्णु गर्ग और मंजू गर्ग ने अपने स्थान पर पढ़ाने के लिए फर्जी शिक्षक लगा रखे थे। इनमें से एक डमी शिक्षक विष्णु भारद्वाज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं आरोपी दंपती शिक्षक की पुलिस तलाश कर रही है।

**NDRF और SDRF** की टीम को छह दिन में मिली सफलता

# कड़ी मशक्कत के बाद बोरवेल से निकाला महिला का शव

बेधड़क | गंगापुर सिटी

जिले के बामनवास क्षेत्र के रामनगर ढोषी गांव में खेत में बने बोरवेल में गिरी महिला की मौत हो गई है। करीब छह चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सोमवार को महिला का शव बोरवेल से निकाला गया। रामनगर ढोषी निवासी महिला मोना बैरवा 6 फरवरी को गांव के ही एक बोरवेल में गिर गई थी। इसके बाद जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी के निर्देशन में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम की ओर से विशेष तकनीकी यंत्रों से महिला का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया था। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीणा ने बताया कि बोरवेल में गिरी महिला को निकालने के लिए पिछले 6 दिनों से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

रेस्क्यू ऑपरेशन के चलते जिला प्रशासन की संयुक्त टीम एवं एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को कई प्रकार की कड़ी मशक्कत भी करनी पड़ी। इसके बाद भी महिला को बाहर निकलने में टीम को सफलता नहीं मिल सकी। सोमवार को भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा और टीम ने बोरवेल से महिला के शव को बाहर निकलने में सफलता हासिल कर ली। बताया जा रहा है कि बोरवेल में गिरी महिला की मौत घटना वाले दिन ही हो गई थी। हालांकि, इसकी पुष्टि मेडिकल जांच के बाद होगी। एसडीआरएफ प्रभारी नरपत सिंह ने बताया कि 95 फुट खुदाई के बाद पानी आने, मिट्टी धंसने जैसी कई समस्याएं आईं। इसके चलते शव को निकालने में देरी हुई। यह ऑपरेशन काफी गंभीर था, लेकिन पूरी टीम के अथक प्रयास से सफल हो गया।



### चार फुट चौड़े पाइप के सहारे बनाई सुरंग

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बोरवेल में अंदर सबसे पहले एक ऐसा पाइप डाला गया था, जिसे एक तरफ से चार फीट की चौड़ाई पर काटा गया था। इसी होल से खुदाई कर मेन बोरवेल तक गहराई में सुरंग बनाई गई थी, जो कि काफी बड़ा चैलेंज था। लोहे के पाइपों को आपस में वेल्डिंग बोरवेल में डाला गया था। इसी बीच लोहे के पाइपों में वजन ज्यादा होने के चलते एक पाइप की वेल्डिंग छूट गई थी। इसके बाद वापस से उन पाइपों को बाहर निकालकर वेल्डिंग किया गया और फिर से बोलवेल में डाला गया। ऐसे में डबल समय लग गया था। ड्रिल करने पर लाइन कुछ टेढ़ी भी पड़ चुकी थी। जब पाइपों को अंदर डालने का काम शुरू हुआ तो मशीन के प्रेशर से पाइप फट गया था। उसे रिपेयर कर दोबारा काम शुरू किया, लेकिन फिर से वह प्रेशर नहीं झेल पाया और पाइप फिर से फट गया था। तीसरी बार रिपेयर कर पाइपों को अंदर डाला गया था।

### तीन फुट चोड़ी टनल से पहुंचे एनडीआरएफ विशेषज्ञ

खुदाई पूरी होने और पाइप डालने के बाद करीब 3 फीट चोड़ी टनल में जाने के लिए एनडीआरएफ के 2 विशेषज्ञ तैयार किए। इनमें से एक को नीचे उतारा गया। इससे पहले ऑक्सीजन लाइन बोरवेल में छोड़ी गई। साथ ही कैमरे के साथ एक्सपर्ट हैंड टॉर्च लेकर नीचे उतरा। इस तैयारी के बीच आगे टनल बनाने के लिए बेस तैयार किया गया।

### पानी रिसाव के चलते शव निकालने में करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

जैसे ही महिला के शव तक टीम पहुंची, उसी दौरान टनल में पानी का रिसाव हो गया। साथ ही पायनियर मशीन का स्टार्टर भी खराब हो गया। आखिर में मशीन को डायरेक्ट स्टार्ट किया गया गया। इससे मशीन लगातार 15 घंटे तक लगातार चलती रही। साथ ही पानी निकासी के लिए गंगापुर नगर परिषद से मशीन के अलावा पायनियर मशीन से पाइप डालकर मोटर से लगाकर पानी निकालना शुरू किया। इस दौरान ग्रामीणों की भी मदद ली गई। शासन की ओर से आधे हॉर्स पावर की मोटर लगाकर पानी निकासी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार को आधा हॉर्स पावर की मोटर फिर से लगाकर पानी की निकासी शुरू की। दोपहर करीब 12 बजे तक बोरवेल में पानी निकासी के साथ सफाई की गई दोपहर करीब 12:20 बजे महिला के शव को बामश्क्कत निकाला जा सका।

जलभराव को लेकर लगाई फटकार

# प्रशासन में सुनवाई नहीं हुई तो जज खुद पहुंचे हालात देखने



बेधड़क | धौलपुर

जिले की आनंद नगर कॉलोनी में 6 महीने से जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। प्रशासन की ओर से सुनवाई नहीं होने पर परिवाद पर संज्ञान लेते हुए स्थाई लोक अदालत के न्यायाधीश सुरेश भट्ट नगर परिषद एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ मौका मुआयना करने खुद कॉलोनी में पहुंच गए। इस दौरान न्यायाधीश ने जिला प्रशासन को 15 दिन में समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

कॉलोनी में जलभराव से बने हालात देखकर जज ने मौके पर ही प्रशासन के आला अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। नगर परिषद आयुक्त एवं अतिरिक्त कलेक्टर को तय समय सीमा में कॉलोनी वासियों को समस्या से निजात दिलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने समय अवधि के अंदर समस्या का हल नहीं निकला, तो प्रतिदिन के हिसाब से पेनल्टी भी लगाई जाएगी। परिवादी अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा ने बताया कि आनंद नगर कॉलोनी में विगत 6 महीने से जलभराव की समस्या बनी हुई है।

बरसात के सीजन में छीतरिया ताल का ओवरफ्लो पानी आनंद नगर कॉलोनी में भर गया था। इसके चलते सीवरेज लाइन भी ब्लॉक हो गई, तभी से ये समस्या आनंद नगर कॉलोनी के लोगों के लिए नासूर बन गई। जलभराव से कई घरों में पानी जा रहा है। कई लोगों के मकानों को जलभराव से नुकसान पहुंचा है। दीवारों में दरार आने के साथ मकान के फर्श भी धंस गए।

जागरूकता अभियान चलाने के लिए बनाई **कमेटी**

# अपराधियों के खिलाफ लोग लामबंद

बेधड़क | भरतपुर



मेवात क्षेत्र में तेजी से फैल रहे ऑनलाइन ठगी और गोतस्करी के खिलाफ अब 12 गांवों के लोग एकजुट हो गए हैं। सोमवार को डीग जिले के गांव डायना का वास में हुई महापंचायत में 12 गांवों पंच-पटेल एकत्र हुए और एकस्वर में अपराधियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संकल्प दोहराया।

महापंचायत में मेवात इलाके के सरपंच और गणमान्य लोग शामिल हुए। इसमें एकमत होकर निर्णय लिया गया है कि जो भी व्यक्ति इस तरह के अपराध में शामिल होगा, उसकी सूचना महापंचायत में बनाई गई कमेटी की ओर से जिला प्रशासन को दी जाएगी। महांपचायत के वक्ताओं ने कहा कि मेवात क्षेत्र ऑनलाइन ठगी और गोतस्करी जैसी घटनाओं के लिए बदनाम है।

इनकी रोकथाम को लेकर कमेटी बनाई गई है। कमेटी में शामिल लोगों के द्वारा मेवात क्षेत्र के प्रत्येक गांव और ढाणी में ऑनलाइन ठगी, गोतस्करी, शराब तस्करी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान गांव के लोगों को जागरुक किया जाएगा।

**अंधविश्वास:** कबाड़े से कमरे में भरे नारियल रखकर जलाई जोत

# स्कूल में भूत भगाने ढोल बजाते पहुंचे लोग

बेधड़क | शाहपुरा

जिले के कोटड़ी उपखंड क्षेत्र की बिशनिया गांव के सरकारी स्कूल में अंधविश्वास का एक नजारा देखने को मिला। राजकीय सीनियर स्कूल में प्रेत आत्मा की आशंका के चलते ग्रामीणों ने स्कूल के कमरे में पूजा अर्चना की और जोत जलाई।

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल, बिशनिया की सरकारी स्कूल में अध्यनरत कुछ छात्र पिछले साल बीमार हो गए थे। इस बार भी 11वीं कक्षा की एक छात्रा बीमार हो गई। इसके चलते लोगों को विद्यालय में प्रेत-आत्मा का साया होने का अंदेशा हुआ। इसके बाद अंधविश्वास के तहत गांव के ग्रामीण एकत्रित हुए और बाजार बंद रखकर गांव में स्थित माता के मंदिर की विशेष पूजा अर्चना की। वहां से ग्रामीण विद्यालय परिसर में ढोल बजाते हुए पहुंचे। ग्रामीणों ने विद्यालय में कबाड़ से भरे कमरे को खोलकर नारियल अगरबत्ती के साथ ज्योत जलाई और पूजा अर्चना की।



इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो वायरल होने के बाद भीलवाड़ा जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी योगेश कुमार पारीक ने संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के बिशनिया राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्कूल के कमरे में नारियल व ज्योत जलाने का वीडियो सामने आया है।

अजमेर में भारतीय स्थापत्य शैली से होगा निर्माण

# 15 करोड़ से बनेगा साइंस पार्क, कई मायनों में होगा खास

बेधड़क | अजमेर

जिले को आने वाले दिनों में अनूठी सौगात मिलने जा रही है। अजमेर में पश्चिमी भारत का सबसे आधुनिक सांइस पार्क यहां बनने जा रहा है। इसके लिए सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चिह्नित भूमि का अवलोक कर पार्क निर्माण की रूप-रेखा को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। बताया जा रहा है कि इस पार्क को पश्चिमी भारत के सबसे आधुनिक साइंस पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें थीम बेस पार्क, फन साइंस पार्क, आउटडोर साइंस पार्क अपने आप में खास रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने जिला प्रशासन एवं विज्ञान तकनीकी विभाग के अधिकारियों के साथ पंचशील में झलकारी बाई स्मारक के सामने साइंस पार्क की भूमि मौका-मुआयना किया। इस दौरान देवनानी ने कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को निर्देश दिए कि साइंस पार्क के चारों ओर चारदीवारी का निर्माण अजमेर विकास प्राधिकरण से करवाया जाए। इस चारदीवारी के निर्माण पर करीब एक करोड़ रुपए की लागत आएगी। साइंस पार्क के निर्माण पर 15.20 करोड़ रुपए की लागत आएगी। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, एडीए आयुक्त नित्या के., नगर निगम आयुक्त देशल दान एवं विज्ञान तकनीक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों को मिलेगा फायदा

अजमेर में बनने वाला साइंस पार्क पश्चिमी भारत में सबसे आधुनिक होगा। ऐसे में यह साइंस के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए फायदेमंद साबित होगा। यहां विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण व सोच जगाने के लिए कई तरह के मॉडल स्थापित किए जाएंगे। साइंस पार्क में एक क्रिएटिविटी जोन बनेगा, जहां विद्यार्थी अपनी वैज्ञानिक सोच और क्षमता को विकसित कर सकेंगे।

### भवन की डिजाइन भी रहेगी आकर्षक

सांइस पार्क के निर्माण के दौरान यहां बनने वाले भवन को भी आकर्षक रूप दिया जाएगा। यहां थीम बेस पार्क, फन साइंस पार्क, आउटडोर साइंस पार्क, तारामंडल, एक्जीबिट लैब सहित भुगौल और और गणित से जुड़े विभिन्न मॉडल भी प्रदर्शित होंगे। इसके भवन को भारतीय स्थापत्य शौलियों के अनुसार डिजाइन किया जा रहा है,जो देखने में अलग ही आकर्षण बिखेरेगा।

# मां और दो बच्चों की हत्या के बाद शव कुएं में डाले

**अलवर।** जिले में महिला और दो बच्चों की हत्या के बाद शव कुएं में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोमवार शाम चार बजे तीनों के शव एक कुएं से मिले। तीनों के हाथ-पैर बंधे हुए थे। मृतकों की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर ये मां, बेटे और बेटी के शव लग रहे हैं।

घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र के चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के पास नेशनल हाईवे-248 ए की है। सीओ सिटी नारायण सिंह ने बताया कि शाम करीब चार बजे हाईवे के पास से गुजर रहे लोगों ने बदबू आने पर वैशाली नगर थाना पुलिस को सूचना दी। शव करीब तीन से चार दिन पुराने हैं। साफ तौर पर हत्या का मामला है। महिला की उम्र 35, बच्ची की 14 और बच्चे की 10 से 12 साल है। यह मुस्लिम परिवार है। बच्चों की ड्रेस पर मदरसा बोर्ड लिखा हुआ है। सीओ ने बताया कि कुएं पर जाली लगी हुई है। जालियों के नीचे से थोड़ी जगह है। उसके अंदर से शव फेंके गए हैं।



सूचना पर पुलिस ने जेसीबी से जालियां हटाई। इसके बाद सिविल डिफेंस की टीम शवों को निकालने में जुटी। सीवरेज लाइन का पानी भी इस कुएं में आता है।

### SRN इंटरनेशनल स्कूल में 'आशीर्वाचनम्' समारोह आयोजित

# विदाई पर विद्यार्थियों की नम आंखों में दिखे भविष्य के सपने


बेधड़क | जयपुर

जगतपुरा स्थित एस आर एन इंटरनेशनल स्कूल के आउटगोइंग स्टूडेंट्स के लिए स्कूल शिक्षकों ने 'आशीर्वाचनम्' समारोह का आयोजन किया। आंखों में बड़े-बड़े सपने, चेहरे पर दोस्तों से अलग होने का दर्द और होठों पर मुस्कुराहट लिए जैसे ही विद्यालय में प्रवेश किया, तो अपनी संस्कृति को असुण्य बनाए रखने के लिए टीचर्स ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व साफा पहनाकर स्वागत किया ।

कार्यक्रम की मुख्यातिथि सीमा हिंगोनिया (एडिशनलस सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस, जयपुर), स्कूल चेयरमैन रवि शंकर आईएफएस (रिटायर्ड) तथा स्कूल प्रिंसिपल उषा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की व स्टूडेंट्स को जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प दिलावाया। 12वीं क्लास की हेड गर्ल और हेड बॉय ने स्कूल में बिताए दिनों को याद करते हुए सभी टीचर्स का धन्यवाद किया तथा अपने भाषण द्वारा स्कूल सफर को प्रस्तुत किया।

#### मानव श्रृंखला से बनाया भारत का नक्शा

12वीं क्लास के छात्रों में विशाल भारतीय नक्शे के अन्दर मानव श्रृंखला बनाकर तथा ज्योति से ज्योति जलाकर जाति, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर देश में एकता व अंखडता स्थापित करने की शपथ ली। विद्यार्थियों की प्रतिमा को गुरुओं द्वारा अभिभावक के समक्ष उजागर किया तथा श्रीमद्भगवद्गीता देकर विद्यार्थियों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सीना हिंगोनिया ने अपने मोटिवेशनल भाषण में विद्यार्थियों को जीवन के पथ पर सकारात्मक ऊर्जा के साथ अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया तथा विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।





#### कर्तव्यों का स्मरण कराया

स्कूल प्रिंसिपल उषा शर्मा ने स्टूडेंट्स को संस्कृत सूक्तियों द्वारा अपने संबोधन में अपने देश, गुरु, माता पिता, संस्कृति व पृथ्वी के प्रति अपने कर्त्तव्यों का स्मरण कराया स्टूडेंट्स अपने संस्कारों को जीवन्त बनाए रखे व जीवन में निरंतर आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य पर नजर रखते हुए उसे पाने के लिए प्रेरित किया व बताया कि हर अंत के बाद एक नई शुरुआत होती है। उन्होने विद्यार्थियों को कहा कि मेहनत और लगन से अपनी मंजिल हासिल करे तथा अपनी सफलता की कहानी साथियों व हमारे से शेयर करें ।

## Yuva स्टोरीज

### आयुर्वेद पाण्डुलिपि के संरक्षण पर दिया जोर



बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) जयपुर के आयुर्वेद पाण्डुलिपि विभाग के द्वारा 'आयुर्वेद मैन्युस्क्रिप्टोलोजी' विषय पर 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र का उद्घाटन करते हुए प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्व विद्यालय, पूर्व प्रो वीसी प्रोफेसर मिता कोटेचा, संहिता एवं मौलिक सिद्धान्त विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बलदेव कुमार धीमान, एवं डॉ श्रीनन्द बापट ,रजिस्ट्रार, भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने आयुर्वेद पाण्डुलिपि के संरक्षण, संशोधन, प्रशिक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यशाला का उद्देश्य पूरे देश के आयुर्वेद शिक्षकों को आयुर्वेद पाण्डुलिपि विज्ञान मे काम करने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यशाला में सम्पूर्ण भारत से आयुर्वेद संहिता तथा पाण्डुलिपि विशेषज्ञों को एक साथ एक मंच पर लाकर पूरे भारत में इस कार्य के लिए एक वर्कफोर्स बनाना भी है।

कार्यशाला के प्रथम दि4वस में प्रो. असित कुमार पांजा, प्रोफेसर संहिता एवं मौलिक सिद्धान्त विभाग का व्याख्यान हुआ एवं डॉ. श्रीनन्द बापट, रजिस्ट्रार भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट पुणे एवं डॉ. अमृता नातू असिस्टेंट क्यूरेटर भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट पुणे के विशेष व्याख्यान संपन्न हुए।

### टेक-फेस्ट-2024 का आगाज आज से

बेधड़क | जयपुर

आईआईएस(डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मानसरोवर, जयपुर में डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एण्ड आईटी की ओर से दो दिवसीय टेक-फेस्ट-2024 का आगाज यूनिवर्सिटी कैंपस में मंगलवार सुबह 11 बजे होगा। उद्घाटन आईआईएसयू के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता करेंगे। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि टेक-फेस्ट-2024 के दोनों दिन खास एक्टिविटीज होंगी। इसमें एक्सपर्ट सेशन, रील रंग, कौन बनेगा कोडपति, आर्टिफिशियल इमैजिनेशन आर्टिस्ट्री, पैनल जंक्शन, गेम गैजेट्री और एग्जीबिशन समेत कई अन्य सारगर्भित एक्टिविटी शामिल हैं।

### अन्तर महाविद्यालय युवा महोत्सव की धूम

# 'कस्तूरी' से महका कानोड़िया कॉलेज, मंच पर दिखी प्रतिभा

#### मीडिया हंट प्रतियोगिता में कशिश गौड़ रही प्रथम

बेधड़क | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में सोमवार को युवाओं के बहुप्रतीक्षित 'अन्तर महाविद्यालय युवा महोत्सव कस्तूरी- 2024' (12 से 15 फरवरी) का शुभारम्भ हुआ। कानोड़िया गर्ल्स कॉलेज ट्रस्ट के सचिव विमल कुमार भाटिया, निदेशक, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, प्राचार्य, डॉ. सीमा अग्रवाल, राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फॉर वीमन की प्राचार्य डॉ. वर्तिका अरोड़ा और छात्रसंघ अध्यक्ष वर्णिता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर "कस्तूरी-2024' का शुभारम्भ किया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत संबोधन में चार दिवसीय इस आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की और छात्राओं को युवा उत्सव कस्तूरी की महत्ता से अवगत करवाते हुए, इस सुनहरे अवसर पर अपनी प्रतिभा-प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी द्वारा समारोह की औपचारिक उद्घोषणा की गई और उन्होंने कहा कि सभी युवा जिजीविषा के साथ निरंतर आगे बढ़े और आने वाले कल को बेहतर बनाएं।

कार्यक्रम में छात्र संघ के सभी सदस्यों को उनके नाम व पदनाम के बैज प्रदान किए गए। उद्घाटन सत्र के अंत में छात्रसंघ अध्यक्ष वर्णिता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।





#### विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित

हिन्दी तर्क-वितर्क प्रतियोगिता में कानोड़िया से प्रियंका मिश्रा प्रथम, बियानी लॉ कॉलेज से खुशी शेखावत द्वितीय और सुबोध कॉलेज से अविरल अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। खबर- मीडिया हंट प्रतियोगिता में कानोड़िया से कशिश गौड़ प्रथम, राजस्थान महाविद्यालय से अतुल गुप्ता द्वितीय और कानोड़िया से टिया अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ओपन माइक- परवाज़' प्रतियोगिता में महर्षि अरविंद कॉलेज से मंयक शर्मा प्रथम, खंडेलवाल कॉलेज से श्रीलता द्वितीय, परिष्कार कॉलेज से लक्ष्मण तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में पूर्वा चौधरी प्रथम, तमन्ना यादव द्वितीय, कोमल कुमावत तृतीय स्थान और मांडना में कोमल महावर प्रथम, सूरी धनीता द्वितीय और खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में अरीबा सिद्दकी प्रथम, प्रतिभा शर्मा द्वितीय और पायल सैनी ने तृतीय रही।

### रावत स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

# 'आरंगम' में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



बेधड़क | जयपुर

विवेक विहार स्थित रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव 'आरंगम' निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 700 से अधिक विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी.एस. रावत व निर्मला रावत ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूप में हवामहल क्षेत्र के विधायक बाल मुकुंदाचार्य को आमंत्रित किया गया। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अखिल शुक्ला रहे। रावत कॉलेज की निदेशक कल्पना रावत, अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डॉ. अक्षिता रावत ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में बच्चों ने विविध प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए गए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र रावत एवम नरेंद्र सिंह रावत ने भी अपने उद्बोधन से सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुशीला नेगी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



### 133 विद्यालयों में होंगे 28 करोड़ के विकास कार्य

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा प्रदेश के 133 सरकारी स्कूलों में भामाशाहों के सहयोग से 31 प्रोजेक्ट्स के तहत 28.04 करोड़ रुपए के कार्यों का अनुमोदन किया गया है। पिछले दिनों राज्य परियोजना निदेशक (स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर-एसपीडी) अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संवीक्षा समिति हुई बैठक में लिए गए निर्णय के बाद इस सम्बंध मे आदेश जारी कर दिए गए हैं।

एसपीडी चतुर्वेदी ने बताया कि स्कूल शिक्षा द्वारा संचालित ज्ञान संकल्प पोर्टल पर भामाशाहों (दानदाताओं) द्वारा विद्यालयों में विकास के लिए प्राप्त प्रस्तावों की संवीक्षा के बाद स्वीकृत 31 प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रदेश के 14 जिलों में स्थित 133 विद्यालयों में नवीन भवन, टॉयलेट्स और रिनोवेशन जैसे विकास कार्य कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि अलवर जिले में 6, कोटा में 5, जालोर में 4, जयपुर व नागौर में 3-3, पाली में 2 तथा बांसवाडा, बारां, बाड़मेर, बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू एवं सिरोही जिले में एक-एक प्रोजेक्ट का अनुमोदन किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय संवीक्षा समिति की बैठक में जिन प्रोजेक्ट्स का अनुमोदन हुआ है, उनमें 5 प्रोजेक्ट्स की लागत 2 करोड़ रुपए से अधिक है।

### आह्वान | राज्यपाल ने किया महिला छात्रावास का लोकार्पण

# यूनानी चिकित्सा पद्धति को बनाएं आधुनिक

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करते हुए उनके जरिए निरोगी राजस्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

उन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति को आधुनिक आवश्यकताओं के संदर्भ में विकसित करने और असाध्य रोगों के निदान में इसकी व्यावहारिकता पर कार्य किए जाने की भी आवश्यकता जताई।

राज्यपाल मिश्र टोंक के कॉलेज ऑफ यूनानी परिसर में नवनिर्मित महिला छात्रावास के सोमवार को उद्घाटन और एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ समारोह को जयपुर से ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। मिश्र ने इस अवसर पर यूनानी चिकित्सा पद्धति के महान विद्वान हाकिम अजमल खान का स्मरण करते हुए उनके कार्यों को आगे बढ़ाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने यूनानी चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत हो रहे रोग निदान के कार्यों की व्यावहारिकता को परखते हुए असाध्य रोगों में इसके उपयोग पर भी कार्य किए जाने पर जोर दिया।



#### लोगों को सुलभ करवाएं यूनानी चिकित्सा

मिश्र ने यूनानी चिकित्सा पद्धति से महिला और बाल स्वास्थ्य के साथ पोषण लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की बड़ी आबादी को इससे सहज सुलभ करवाए जाने पर भी जोर दिया। राज्यपाल मिश्र ने यूनानी, आयुर्वेद और एलोपैथी चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय कर 'निरोग राजस्थान' के लिए कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने इस पद्धति के जरिए विकसित भारत-2047 के स्वास्थ्य लक्ष्यों पर भी कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल मिश्र ने इससे पूर्व महिला छात्रावास का ऑनलाइन लोकार्पण किया।

### RTI के तहत ऑनलाइन ली जाएगी अपील

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 1 जुलाई 2024 से आरटीआई के तहत प्रथम अपील ऑनलाइन माध्यम से ही ली जाएगी। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 से केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आरटीआई आवेदन स्वीकार किए किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 30 जून 2024 के पश्चात् प्रथम अपील भी ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

उक्त दिनांक के बाद ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त होने वाली प्रथम अपील पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। अतः 1 जुलाई 2024 से प्रथम अपील भी ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत करें।

# रेडियो: सूचना का सबसे भरोसेमंद माध्यम



डॉ अमित वर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज विश्व रेडियो दिवस है, हर साल 13 फरवरी को दुनियाभर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इस दिन हर साल यूनेस्को विश्व के सभी ब्रॉकास्टर्स, संगठनों और समुदायों के साथ मिलकर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता है। संचार के माध्यम के तौर पर रेडियो की भूमिका पर चर्चा होती है और लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जाता है। रेडियो एक ऐसी सेवा है जो दुनियाभर में सूचना का आदान-प्रदान करता है, लेकिन टेलीविजन और मोबाइल जैसी चीजें आने के बाद रेडियो का पहले जैसा इस्तेमाल नहीं हो रहा है, लेकिन अब भी इसका महत्व कम नहीं हुआ। आपदा या आपातकालीन स्थिति में रेडियो का महत्व बढ़ जाता है। ऐसे में विश्व रेडियो दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के युवाओं को रेडियो की आवश्यकता और महत्व के प्रति जागरूक करना है। सूचना फैलाने के लिए सबसे शक्तिशाली और सस्ते माध्यम के तौर पर रेडियो को जाना जाता है। भले ही रेडियो सदियों पुराना माध्यम हो, लेकिन संचार के लिए इसका इस्तेमाल आज भी हो रहा है।

दुनिया भर में सूचना के आदान-प्रदान और लोगों को शिक्षित करने में रेडियो ने अहम भूमिका निभाई है। इसका इस्तेमाल युवाओं को उन विषयों की चर्चा में शामिल करने के लिए किया गया जो उनको प्रभावित करते हैं। इसने प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के दौरान लोगों की कीमती जानों को बचाने में मदद की। यह पत्रकारों के लिए एक प्लैटफॉर्म हुआ करता था जिसके माध्यम से वह अपनी रिपोर्ट दुनिया तक पहुंचाते थे और अपनी कहानी सुनाते थे। मौजूदा समय में भी यह सूचना फैलाने का सबसे शक्तिशाली लेकिन सस्ता माध्यम है। हालांकि रेडियो सदियों पुराना माध्यम हो गया लेकिन अब भी संचार के लिए इसका इस्तेमाल होता है। इसके अलावा 1945 में इसी दिन यूनाइटेड नेशंस रेडियो से पहली बार प्रसारण हुआ था। रेडियो की इन अहमियतों को देखते हुए हर साल रेडियो दिवस मनाया जाता है। औपचारिक रूप से पहला विश्व रेडियो दिवस 2012 में मनाया गया। 13 फ़रवरी, 2024 को मनाए जाने वाले विश्व रेडियो दिवस की थीम है, 'रेडियो सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी'। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि 2024 का उत्सव रेडियो के इतिहास और समाचार, नाटक, संगीत और खेल पर इसके शक्तिशाली प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर साल इस खास दिन के लिए एक थीम तय की जाती है। रेडियो एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और भरोसेमंद सूचना का माध्यम है, इंटरनेट, टेलीविजन और समाचार पत्रों की तुलना में इसकी सबसे व्यापक भौगोलिक पहुंच है।

*"**रेडियो दिवस विशेष:** हाल ही में एक सुखद खबर आई कि हिंदी पुस्तकों की ऑनलाइन मांग खूब बढ़ रही है। अभी तक अंग्रेजी पुस्तकों का ही बोलबाला था। यह शायद पहला अवसर है जब हिंदी पुस्तकों की ई-खरीद में बढ़त दर्ज की गई है। पिछले छह माह में यह वृद्धि 60 प्रतिशत दर्ज की गई है। इससे ज्ञात होता है कि अंग्रेजी के वर्चस्व और प्रौद्योगिकी के बीच भी हिंदी खूब फल-फूल रही है।"*

एक जमाना था जब संदेश प्रसारित करने के लिए कबूतर काम में लिए जाते थे, लेकिन तकनीक के अभाव में वह दौर कितना रोचक रहा होगा, जब किसी को देष विदेष में क्या घटित हो रहा है कोई जानकारी नहीं रही होगी। मगर बीसवीं सदी के रेडियो अर्थात आकाशवाणी के आविष्कार ने तो काया पलट ही कर दिया। अब एक यंत्र के माध्यम से दुनियां के किसी भी हिस्से में बैठकर देश दुनिया के समाचार प्राप्त किए जा सकते थे। आकाशवाणी अथवा रेडियो आधुनिक विज्ञान की एक ऐसा उपहार हैं. जिसने मानव समाज को सर्वाधिक प्रभावित एवं आकर्षित किया हैं। यह एक ऐसा श्रव्य माध्यम हैं जो अनेक प्रकार की जानकारियां, शिक्षाएं, समाचार आदि देने के साथ ही घर बैठे मनोरंजन किया करता है। रेडियो का आविष्कार इटली के गुल्येल्मो मार्कोनी नामक एक वैज्ञानिक ने किया था। उसने शांत जल में पत्थर का टुकड़ा फेंकने से उत्पन्न लहरों से प्रेरणा पाकर रेडियो का आविष्कार किया था। रेडियो का आविष्कार आज से 140 वर्ष पहले अर्थात सन 1880 में हुआ था और उसके बाद ही इसका प्रचलन धीरे-धीरे पूरी दुनिया में फैल गया। और सन 1906 में रेडियो के जरिए संदेश भेजना आरंभ हुआ और यह पूरे दुनिया भर में फैला और लोगों को यह बेहद पसंद आने लगा।

भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने सर्वप्रथम रेडियो और ध्वनि-विक्षेपक का सिद्धांत निकाला, परन्तु आर्थिक कठिनाइयों के कारण वे इसे व्यावहारिक रूप न दे सके। नतीजतन, इटली के मार्कोनी को रेडिओ के अविष्कार का श्रेय दे दिया गया। इस महान खोज के बाद लोग संदेश पहुंचाने के लिए रेडियो का इस्तेमाल करने लगे और उसके बाद नौसेना में इसका बहुत अत्यधिक इस्तेमाल होने लगा और जब द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ा था तब भी रेडियो के जरिए संदेश को भेजा जाता था। इसके बाद कई वैज्ञानिकों ने रेडियों में काफी सुधार किया।

वर्ष 1921 में रेडियो प्रसारण की शुरुआत हुई थी, यह सूचना की क्रांति में बहुत बड़ा कदम था, जिसमें आकाशवाणी के माध्यम से इंग्लैंड से न्यूजीलैंड तक समाचार प्रसारण किया गया, तब इस अद्भुत आविष्कार से विश्व को चकित था, क्योंकि यह मानव कल्पना से परे कार्य कर रहा था। पहले रेडियो पर केवल लोगों की बातचीत आदि का प्रसारण होता था। धीरे धीरे तकनीकी बढ़ी और गीत, संगीत, कविता, कहानी एवं नाटक आदि का सीधा प्रसारण भी रेडियो के द्वारा किया जाने लगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का इतिहासपरक मूल्यांकन

# सरकार की पहल स्वागतयोग्य और सराहनीय




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है और साथ ही सामाजिक अन्याय से मुठभेड़ का माद्दा भी। चौधरी चरण सिंह इसमें सफल रहे। हाशिए पर खड़े लोगों में राजनीतिक चेतना का संचार किया और समाज में असमानता पैदा करने वाली परंपराओं और मूल्यों पर जमकर हमला बोला। वे एक राजनेता से कहीं ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। देश के राजनीतिक दलों और राजनेताओं को उनके राजनीतिक आदर्शों और जनसरोकारों से सीख लेनी चाहिए।"*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान भारत राष्ट्र के जनमन को हर्षित और गौरवान्वित करने वाला है। चौधरी चरण सिंह का सम्मान देश के उन करोड़ों किसानों और मजदूरों का सम्मान है, जो कठिन परिश्रम और मेहनत से देश को पेट भरते हैं। मोदी सरकार बधाई की पात्र है कि उसने चौधरी चरण सिंह के साथ-साथ आर्थिक सुधार के सूत्रधार पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने की घोषणा की है। मोदी सरकार समाजवादी पुरोधा जननायक कर्पूरी ठाकुर और देश के शीर्षस्थ नेता लालकृष्ण आडवानी को भी भारत रत्न दिए जाने का ऐलान कर चुकी है। निस्संदेह सरकार की पहल स्वागतयोग्य और सराहनीय है।

किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का इतिहासपरक मूल्यांकन करें तो उनका राजनीति के विराट संसार में प्रवेश तब हुआ जब मोहनदास करमचंद गांधी ब्रिटिश पंजे से भारत को मुक्त कराने की जंग लड़ रहे थे। वर्ष 1930 में गांधी जी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान चरण सिंह हिंडन नदी पर नमक बनाकर उनका समर्थन किया, गांधी जी के साथ जेल की यात्रा की। दिल्ली से नजदीक गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मवाना और बुलंदशहर के आसपास क्रांति का बीज रोपा। गुप्त संगठन खड़ा कर ब्रितानी हुकुमत को चुनौती दी। इससे खौफजदा ब्रितानी ताकत उन्हें गोली मारने का फरमान सुनाया। लेकिन उनके इंकलाबी तेवर कमजोर नहीं पड़े। उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प ठान लिया। उन्होंने डटकर ब्रितानी हुकूमत की चुनौतियों का आंलिगन किया। जनता के बीच सभा करते हुए एक दिन पकड़ लिए गए। राजबंदी के रूप में डेढ़ वर्ष की सजा हुई, किंतु इस सजा कालखंड का भी उन्होंने सदुपयोग किया। जेल में रहकर 'शिष्टाचार' नामक ग्रंथ की रचना की जो भारतीय संस्कृति और समाज के शिष्टाचार के विविध पहलूओं का प्रकाश डालती है। चरण सिंह की अंग्रेजी भाषा पर गजब की पकड़ थी। उन्होंने 'अबॉलिशन




ऑफ जमींदारी' 'लिजेंड प्रोपराइटरशिप' और 'इंडिया पॉवर्टी एंड इट्स सॉल्यूशन' नामक पुस्तकों का लेखन किया। आजादी के उपरांत वे किसानों के ताकतवर नेता बनकर उभरे और भारत के किसानों ने उनमें एक मसीहा की छवि देखी। उनकी छवि एक गांवई व्यक्ति की थी, जो सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखता था। 1952 में उन्हें डॉ. संपूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में राजस्व तथा कृषि विभाग का उत्तरदायित्व संभालने का मौका मिला। इस उत्तरदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। उनके द्वारा तैयार किया जमींदारी उन्मूलन विधेयक कल्याणकारी सिद्धांत की अवधारणा पर आधारित था। इस विधेयक के बदौलत ही 1 जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को उनका अधिकार मिला।

लेखपाल पद के सृजन का श्रेय भी चौधरी चरण सिंह को ही जाता है। किसानों के इस मसीहा ने 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। 1960 में भूमि हदबंदी कानून को लागू कराने में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। आसमान छूती लोकप्रियता के दम पर वे 3 अप्रैल 1967 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने समाज व अर्थव्यवस्था के गुणसूत्र को बदलने का मन बना लिया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और हाषिए पर खड़े लोगों की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए। कुटीर उद्योग के विकास की नीतियां बनायी। सामाजिक समानता की स्थापना के लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाय उस पर ही हमला बोला। उन्होंने एक शासकीय आदेश पारित किया कि 'जो संस्थाएं किसी जाति विशेष के नाम से चल रही हैं, उनका शासकीय अनुदान बंद कर दिया जाएगा।' इसका असर यह हुआ कि कालेजों के नाम के आगे से जातिसूचक शब्द हटा लिए गए। उनकी बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी उनके खिलाफ मुखर होने लगे। उन पर जातिवादी, दलित और अल्पसंख्यक विरोधी होने के आरोप चस्पा किया जाने लगा।

17 अप्रैल 1968 को वे मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिए, लेकिन जनमानस के नायक बने रहे। किसानों में उनकी लोकप्रियता बढ़ती गयी। मध्यावधि चुनाव में वह 'किसान राजा' के नारे के साथ मैदान में उतरे और विरोधियों पर शानदार जीत अर्जित की। 17 फरवरी 1970 को वे पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने कृषि में आमूलचुल परिवर्तन का रोडमैप तैयार किया। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए उर्वरकों से बिक्री कर हटा ली। सीलिंग से प्राप्त भूमि को गरीबों में वितरित किया। उनका मानना था कि 'गरीबी से बचकर समृद्धि की ओर बढ़ने का एकमात्र मार्ग गांव और खेतों से होकर गुजरता है। गांवों के विकास की चिंता उन्हें बराबर कचोटती थी। इसीलिए उन्होंने आजादी के बाद ही 1949 में गांव और शहर के आधार पर आरक्षण की मांग उठाई। उनका कहना था कि चूंकि गांव शिक्षा और आर्थिक तौर पर शहरों से पिछड़े हैं, इसलिए गांवों को सेवाओं में 50 फीसद आरक्षण मिलना चाहिए। चरण सिंह अपनी योग्यता और लोकप्रियता के दम पर केंद्र सरकार में गृह मंत्री बने।

पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने के लिए मंडल और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री बने और नाबार्ड की स्थापना की। 28 जुलाई, 1979 को वे देश के प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने कहा था कि 'देश के नेताओं को याद रखना चाहिए कि इससे अधिक देशभक्तिपूर्ण उद्देश्य नहीं हो सकता कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा भूखे पेट नहीं सोएगा, किसी भी परिवार को अपने अगले दिन की रोटी की चिंता नहीं होगी तथा कुपोषण के कारण किसी भी भारतीय के भविष्य और उसकी क्षमताओं के विकास को अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा।' अलबत्ता, देश का दुर्भाग्य है कि उन्हें यह सपना पूरा करने का मौका नहीं मिला। वह प्रधानमंत्री के पद पर कुछ ही दिन रहे। इंदिरा गांधी ने बिना बताए ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया।

दरअसल, इसका कारण यह रहा कि इंदिरा गांधी पर जनता पार्टी की सरकार ने कई मुकदमे लगा रखे थे। वे चाहती थीं कि चरण सिंह समर्थन के एवज में उन मुकदमों को हटाने का भरोसा दें, लेकिन उन्हें यह मंजूर नहीं था। उन्होंने सौदेबाजी को खूंटी पर टांग प्रधानमंत्री पद को ठोकर लगाना बेहतर समझा। उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी ईमानदार और सिद्धांतवादी राजनेता की छवि को खंडित नहीं होने दी। चरण सिंह देश व समाज के प्रति संवेदनशील थे। उनमें राष्ट्रभक्ति व समाजभक्ति थी। उनका सामाजिक-राजनीतिक अवदान दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों की चेतना को मुखरित करने के लिए याद किया जाएगा। चौधरी साहब को समझने के लिए तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को भी समझना होगा। इसलिए और भी कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के खिलाफ तन कर खड़ा होने और उसे बदलने के एवज में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को नजदीक से सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता-सिंहासन का अनवरत विरासत। एकमात्र चरित्र और राजनीतिक विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े समाज के लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# जाती हुई सर्दी की अद्भुत शक्ति से मेरा संकल्प अंततः पूरा हो गया



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

धीरे-धीरे ठंड का शीतकालीन सत्र समाप्त होने की कगार पर है मन में संकल्प के पूरे का उल्लास खिलते हुए फूल की तरह दिखाई दे रहा है । यह इसलिए कह रहा और आपको बता रहा हूं कि 4 महीने के ठंड भरे माहौल में मेरे न नहाने के संकल्प को पूरा होना है इस बात को सिद्ध करता है कि, अपने दृढ़ संकल्प को पूरा करने के लिए तटस्थ रहना अनिवार्य है।

ठंड पूर्णतया ठंडी होकर चली गई है और इस ठंड में नहीं नहाने का संकल्प पूर्णतः पूरा हो गया। खुद को आपने आप के लिए कर्मठ और निष्ठावान हो कर संकल्प के प्रति ईमानदार रहना अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा उसूल है। मेरे न नहाने के इस संकल्प को असफल करवाने के लिए रिश्ते, नाते और परिजनों ने क्या-क्या नहीं किया बल्कि यह पूछो क्या नहीं किया किस-किस प्रकार का व्यवहार किया आपको बात नहीं सकता जैसे पुलिस अपराधियों के साथ व्यवहार करती है। घर के तमाम सदस्यों ने माया रुपी वेशभूषा को धारण करके अपने ममता के जाल में फंसाकर माया का लालच देकर तरह-तरह के षड्यंत्र रचते रहे कि मैं स्नान करके स्नान वीर बन जाऊं। सब की बात रखने के लिए ठंड में मैंने स्पर्श स्नान, छींटा स्नान, दर्शन स्नान करने में कभी भी कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। पर्व, त्योहार जैसे दिनों में नजरबंद कर लेता था, कई स्नान वीरों की ज्ञान गंगा का प्रसाद प्राप्त करने के बाद भी मैंने संकल्प के लिए मर्यादा नहीं तोड़ी और ना छोड़ी।

परिवार, रिश्ते नाते और समाज के साथ-साथ मिलने जुलने वालों के यहां मृत व्यक्ति की शांति के लिए मुझे उसकी अंतिम यात्रा में धक्का दे देकर पहुंचाया गया, लेकिन द्रढ संकल्प की वजह से बीच में से गायब हो जाता था। ठंड के मौसम में अच्छे-अच्छे के चपेट में आ जाने से स्वर्ग निवासी हों गएं कभी सर्दी इतनी तेज होती थी कि किसी से हाथ मिला नहीं सकते, बात नहीं कर सकते। तुम क्या जानो भैया जी सर्दी की वजह से हाथ जेब में इस तरह से कैद हो गए जैसे किसी अपराध में कोई अपराधी को जेल हो गई। मुंह को मास्क से छिपाना पड़ता था। तुम इसे मेरा अहंकार समझो या कुछ और तुम्हारी इस तरह की सोच और समझ से कुछ लेना-देना नहीं है। मेरे संकल्प को तोड़ने के लिए माता-पिता ने अपने शारीरिक बल का भरपूर प्रयोग करते हुए सामाजिक अधिकार, पारिवारिक अधिकार का भरपूर प्रयोग करते हुए पुलिस वालीं थर्ड डिग्री की तरह पीटा। उसे वक्त मुझे ऐसा लगा जैसे कोई पागल, आतंकवादी की तरह हूं। सर्दी की अद्भुत शक्ति के साए में ना नहाने का संकल्प अंततः पूरा हो गया।

## नॉलेज कॉर्नर: ठंडी बर्फ पर क्यों उबल रहा लावा!

# आइसलैंड ज्वालामुखी विस्फोट का 'हॉट स्पॉट'

आइसलैंड के दक्षिण-पश्चिम में मौजूद ग्रिंडाविक कस्बे के पास हाल ही में ज्वालामुखी में बड़ा विस्फोट हुआ था। विस्फोट से 3 किलोमीटर लंबी नई दरार बन गई, जिसमें से 200 फीट ऊंचा लावा का फव्वारा निकला था। बीते साल दिसंबर के बाद ये तीसरी बार है जब पश्चिमी आइसलैंड में ज्वालामुखी फटा है। यह दिलचस्प बात है कि इसी क्षेत्र में बड़े-बड़े ग्लेशियर भी मौजूद हैं। आइसलैंड को 'लैंड ऑफ आइस एंड फायर' यानी बर्फ और आग की भूमि के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां दुनिया के कुछ सबसे बड़े ग्लेशियर और सबसे सक्रिय ज्वालामुखी हैं। आइए आज जानते हैं कि आइसलैंड में ज्वालामुखी फटने के इतने सारे मामले क्यों आते हैं?

### टेक्टोनिक प्लेट का दूर जाना

आइसलैंड में भूकंप आने की एक वजह है कि वो एक ऐसी जगह है जहां दो टेक्टोनिक प्लेट एक दूसरे से दूर जाती हैं। टेक्टोनिक प्लेट एक तरह की विशाल स्लैब होती हैं जिनपर महाद्वीप और महासागर टिके होते हैं। पृथ्वी ऐसी कई प्लेटों में बंटी हुई हैं और ये हमेशा हिलती रहती हैं। जब दो टेक्टोनिक प्लेट एक दूसरे से दूर जाती हैं, तो खाली जगह को भरने के लिए पृथ्वी के भीतर से मैग्मा ऊपर की तरफ उठता है। यही मैग्मा जब फूटकर सतह के ऊपर आता है, तो उसे लावा कहा जाता है, लेकिन धरती



के नीचे मैग्मा बनता कैसे है? दरअसल, पृथ्वी का अंदरूनी भाग काफी गर्म होता है। यह इतना गर्म होता है कि वहां मौजूद पत्थर पिघलकर लिक्विड पदार्थ में तब्दील हो जाते हैं, जिसे मैग्मा कहते हैं, क्योंकि मैग्मा आसपास के पत्थरों से हल्का होता है, वो ऊपर की तरफ उठता है और इकट्ठा होता जाता है। जब टेक्टोनिक प्लेटों के हिलने से अनुकूल परिस्थिति बनती है तो मैग्मा सतह को तोड़ता हुआ फूटकर ऊपर आ जाता है।

### हॉट स्पॉट की वजह से लावा आता है बाहर

आइसलैंड में सक्रिय ज्वालामुखी होने की दूसरी वजह उसका हॉट स्पॉट एरिया पर होना है। वैज्ञानिकों को अभी ये स्पष्ट नहीं है कि हॉट स्पॉट कैसे और क्यों बनते हैं। लेकिन ये बात साफ हैं कि ये पृथ्वी के अंदर बेहद गर्म जगह होती है। इसलिए इनको हॉट स्पॉट नाम भी दिया गया। वैज्ञानिक अभी तक केवल हॉटस्पॉट वाली जगहों की पहचान की है। ऐसा जरूरी नहीं है कि ये हमेशा टेक्टोनिक प्लेट के कोने में ही हों। कुछ हॉट स्पॉट प्लेट के बीच में भी मिले हैं।

**क्या लावा से कोई खतरा है!**

*ज्वालामुखी मौटे तौर पर दो तरह से फूटता है – एक विस्फोट के साथ और दूसरा बिना विस्फोट के। ज्वालामुखी के फटने का तरीका अगर मैग्मा गाढ़ा और चिपचिपा होता है, तो गैसें आसानी से बाहर नहीं निकल पातीं। विस्फोट ज्वालामुखी का लावा ज्यादा खतरनाक नहीं होता।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
हमने केंद्रीय सेवाओं में भर्ती प्रक्रिया को न सिर्फ पारदर्शी बनाया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि ये तय समय के भीतर पूरी हो।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
माता-पिता और अपनी धर्मपत्नी के साथ आज अयोध्या जी पहुंचकर श्रीराम मंदिर में रामलला जी के दिव्य दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भगवंत जी एवं उनका परिवार भी साथ रहा। सबने मिलकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के दर्शन किए एवं देश की तरक्की के साथ समस्त मानवता के कल्याण की प्रार्थना की। प्रभु श्री रामचंद्र जी सबका मंगल करें। जय श्री राम



**अश्विनी वैष्णव,** केंद्रीय रेल मंत्री
@AshwiniVaishnaw
सपने नहीं हकीकत बुनते हैं!
मोदी 3.0 में बुलेट ट्रेन के लिए बने रहें!

**महाराष्ट्र: एक-एक कर तीन नेता छोड़ चुके हैं कांग्रेस का साथ,** बाबा सिद्दीकी व मिलिंद देवड़ा ने पहले ही कर लिया था किनारा

# अब अशोक चव्हाण ने दिया झटका, कांग्रेस डैमेज कंट्रोल में जुटी

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका देते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही राज्य की सियासत गरमा गई है। ऐसी अटकलें हैं कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को लिखे एक पत्र में चह्वाण ने कहा कि वह पार्टी छोड़ रहे हैं। इसके बाद पटोले तुरंत दिल्ली के लिए रवाना हो गए। हाल के दिनों में कांग्रेस को राज्य में यह तीसरा बड़ा सियासी झटका है। चव्हाण से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा ने भी पार्टी छोड़ी दी थी। इस बीच, राज्य में इस्तीफों के इस सिलसिले को रोकने के लिए बाद कांग्रेस आलाकमान डैमेज कंट्रोल में जुट गया है। पार्टी में सब कुछ ठीक करने के लिए 13 फरवरी को पार्टी के विधायकों की मुंबई में बैठक बुलाई गई है। वहीं, भाजपा की तरफ से दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस के कई नेता उसके संपर्क में हैं। कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के बाद चव्हाण ने कहा है कि मैंने अभी तक कोई मन नहीं बनाया है। आने वाले कुछ दिनों में फैसला लूंगा। चव्हाण ने कहा कि उन्होंने किसी विधायक से कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर तेजी से काम नहीं हो रहा है।





### राज्यसभा में भेजे जाने की चर्चा

चर्चा है कि अशोक चव्हाण को भाजपा राज्यसभा भेज सकती है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के कई नेता, अशोक चव्हाण को राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री शामिल किए जाने के खिलाफ हैं।

### कौन हैं अशोक चव्हाण

अशोक चव्हाण मराठावाड़ा में नांदेड क्षेत्र से आते हैं। उनके पिता दिवंगत शंकरराव चव्हाण भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। अशोक चव्हाण 8 दिसंबर 2008 से 11 नवंबर 2010 तक लगभग दो सालों तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। 2008 में मुंबई पर 26/11 हमले के बाद विलासराव देशमुख के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद चव्हाण मुख्यमंत्री बने। उन्होंने संस्कृति, उद्योग और खनन मंत्री के रूप में भी काम किया है। आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले में नाम आने के बाद उनकी विदाई हो गई थी।

### दुर्भाग्यपूर्ण फैसला: पृथ्वीराज चव्हाण

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने अशोक चव्हाण के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि अशोक चव्हाण ने किस मजबूरी में कांग्रेस का साथ छोड़ा। उन्होंने कहा कि कभी नहीं सोचा था कि उनके जैसा व्यक्ति ऐसा कदम उठाएगा। पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि अशोक चव्हाण के इस तरह का कदम उठाने की संभावना को लेकर चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस से कोई और अशोक चव्हाण के रास्ते पर जाएगा।

### ये मां को छोड़ने जैसा है: राउत

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने अशोक चव्हाण के इस्तीफे की तुलना एक बेटे का अपनी मां को छोड़ने से की है। राउत ने कहा कि अगर 1975 से 1977 के बीच ख्यमंत्री रहे कद्दावर नेता शंकरराव चव्हाण का बेटा कांग्रेस छोड़ता है, तो यह एक बेटे का अपनी मां को छोड़ने जैसा है।

## पीएम मोदी से मिले कर्पूरी ठाकुर के परिजन



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के परिवार के सदस्यों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें भारत रत्न देने के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के परिजनों से मिलकर बहुत खुशी हुई। कर्पूरी जी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के मसीहा रहे हैं, जिनका जीवन और आदर्श देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। जानकारी के मुताबिक, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता व कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर के साथ परिजन प्रधानमंत्री मोदी से मिलने पहुंचे थे। रामनाथ ठाकुर राज्यसभा के सदस्य भी हैं।

## राशन की दुकानों पर नहीं लगेगी पीएम की फोटो

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने सोमवार को कहा कि वह राज्यभर की राशन की दुकानों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा लोगो के साथ प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाले साइन बोर्ड व फ्लैक्स लगाने के केंद्र सरकार के निर्देश का पालन नहीं करेगी। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विधानसभा में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग विधायक अब्दुल हमीद के सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। विजयन ने कहा कि लोकसभा चुनाव करीब हैं और ऐसे में सेल्फी अभियान भाजपा के चुनाव अभियान का हिस्सा है। हम इस बिंदु को इंगित कर केंद्र सरकार को सूचित करेंगे कि इस समय इसे लागू करना मुश्किल होगा। इससे पहले, राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री जीआर अनिल ने बताया था कि केंद्र ने केरल में 14 हजार से अधिक राशन की दुकानों पर पीएम मोदी के फोटो वाले फ्लैक्स व बैनर लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

**नीतीश को मिला 130 सदस्यों का साथ,** राजद के 3 MLA आए साथ

# बिहार: बहुमत की परीक्षा में पास हुए नीतीश कुमार, तेजस्वी फेल

**एजेंसी** | पटना

बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को सोमवार को स्पष्ट तौर पर बहुमत हासिल कर लिया। नीतीश के भाजपा के समर्थन से सीएम पद की शपथ के साथ ही खेला होने की शुरू हुई अटकलें भी सोमवार को उलटी पड़ गई।

नीतीश को 128 विधायकों का समर्थन हासिल था, लेकिन बहुमत के परीक्षण के बाद विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 130 मत सामने आए। विश्वास मत पर क्रॉस वोटिंग हुई। राष्ट्रीय जनता दल के तीन विधायकों ने भी नीतीश कुमार के समर्थन में मतदान किया। इससे पहले राजद समेत महागठबंधन के विधायक सदन से वाकआउट कर गए। विश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पूर्व विपक्ष को विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ प्रस्ताव पर भी हार का सामना करना पड़ा था।

विधानसभा अध्यक्ष को राजद से विधायक होने के कारण पद से हटाया गया है। इसके लिए सदन में वोटिंग हुई, जिसमें 125 विधायकों ने सरकार के समर्थन में और 112 वोट प्रस्ताव के विरोध में पड़े। राजग सरकार को स्पष्ट तौर पर बहुमत मिलने के बाद भाजपा कार्यालय में जमकर जश्न मना। बहुमत के परीक्षण के दौरान पाला बदलकर राजग के साथ आने वाले विधायकों में चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव शामिल हैं।

## विश्वास मत पर मतदान से पहले विधानसभा अध्यक्ष को हटाया





### नीतीश कुमार ने क्या कहा

सीएम नीतीश कुमार ने जैसे ही विश्वास प्रस्ताव पर बोलना शुरू किया विपक्षी दल हंगामा करने लगे। इस पर नीतीश कुमार ने कहा कि अगर नहीं सुनना चाहते हैं तो सीधे वोटिंग करा दी जाए। हम सबकी बात सुने हैं। हमको 2005 से काम करने का मौका मिला। उससे पहले इनके पिताजी और माताजी को सरकार चलाने का मौका मिला। याद कीजिए कहीं कोई रोड था क्या? कोई शाम के बाद घर से निकल पाता था क्या? ये मुस्लिम की बात करते हैं, आए दिन हिंदू-मुस्लिम का विवाद होता था। हमने हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा बंद कराया। 2005 से पहले का इतिहास जानो, जो 15 साल में मुस्लिमों को न्याय नहीं मिला, हमने आने के बाद कार्रवाई की। कितना विकास हुआ हुआ है।

### तेजस्वी का सवाल- क्या PM मोदी गारंटी देंगे नीतीश फिर नहीं पलटेंगे

विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार के साथ ही भाजपा पर हमलावर तेवर जरूर दिखाए, लेकिन अपने भाषण के दौरान उन्होंने आत्मसंयम बनाकर रखा। कहा जब समय आएगा तो तेजस्वी आएगा। तेजस्वी ने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा ये लोग इवेंट मैनेजमेंट और धर्म की राजनीति करते रहें, पर यह सच है कि भाजपा को अगर किसी से डर है पूरे हिन्दुस्तान में तो बिहार से। उन्होंने कहा, मोदीजी की गारंटी तो बहुत मजबूत वाला गारंटी है। क्या वे गारंटी लेते हैं कि नीतीश कुमार जी फिर से पलटेंगे नहीं। तेजस्वी ने बीते 17 महीने की महागठबंधन सरकार के कामकाज, विशेष कर नौकरियां देने की बात कही और कहा कि काम करेंगे तो क्रेडिट लेंगे। तेजस्वी ने कहा, कई बार नीतीश कुमार ने कहा कि तुम हमारे बेटे जैसे हो। हम भी उनको राजा दशरथ की तरह ही पिता मानते हैं। जरूरी नीतीश की भी मजबूरी रही होगी, जैसे राजा दशरथ की रही थी और उन्होंने भगवान राम को वन भेज दिया था। तेजस्वी ने कहा, हम इसे वनवास नहीं मानते हैं। हमें तो इन्होंने जनता के बीच भेजा है, उनके सुख और दुख का भागीदार बनने के लिए। उन्होंने कहा, मुझे पीड़ा होती है जदयू विधायकों को लेकर, मुख्यमंत्री तो इधर उधर होते रहते हैं, लेकिन विधायकों को तो जनता के बीच जाना है। वो जनता को क्या जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अगर अलग होने से पहले कह देते कि दिक्कत है तो उन्हें बाहर से समर्थन दे देते। कोई माई का लाल कुछ नहीं कहा सकता था।

**संदेशखली पहुंचे** राज्यपाल बोस, कहा...

# वहां पर जो भी देखा वह चौंकाने वाला

**एजेंसी** | कोलकाता



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस सोमवार सुबह केरल से कोलकाता पहुंचे। इसके तुरंत बाद वह उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली के लिए रवाना हुए। जहां स्थानीय महिलाएं पिछले कुछ दिनों से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहीं थीं।

महिलाओं का उन पर यौन उत्पीड़न और बलपूर्वक जमीन के पट्टे कब्जाने का आरोप है। शाहजहां शेख पर उनके घर की तलाशी लेने गई ईडी की टीम पर भी हमले का आरोपित है।

संदेशखली में स्थानीय महिलाओं से मुलाकात के बाद राज्यपाल बोस ने कहा कि उन्होंने जो देखा वह भयानक और चौंकाने वाला था और उनके होश उड़ा देने वाला था। उन्होंने कहा कि उनके अधिकारी क्षेत्र में जो कुछ हो सकता है, वह करेंगे। बोस ने लोगों से मुलाकात के बाद कहा कि वह वहां हुई घटनाओं से हैरान हैं।

राज्यपाल बोस पहले ही संदेशखली के हालात पर एक व्यापक रिपोर्ट मांग चुके हैं। इससे पहले उन्होंने कहा था, जब मैंने संदेशखली की घटनाओं की चौंकाने वाली कहानियां सुनीं, तो मैंने केरल की अपनी यात्रा को बीच में ही रोक दिया। मैं संदेशखली जा रहा हूं। मैं खुद देखना चाहता हूं कि संदेशखली की गलियों से असली संदेश क्या है।

### पुलिस ने सुवेंदु अधिकारी को रोका

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और भाजपा के कई अन्य विधायकों को सोमवार को संदेशखली के इलाकों में जाने से रोक दिया गया है। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला दिया। इससे पहले दिन में सुवेंदु अधिकारी सहित भाजपा के छह विधायकों को विधानसभा से निलंबित किया गया। विधानसभा में में उन्होंने संदेशखली को लेकर प्रदर्शन किया था।

**आरएसएस प्रमुख** मोहन भागवत ने कहा...

# एकता और सद्भाव के साथ मिलकर करना होगा हमें राष्ट्र का निर्माण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों से एकता, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में दर्शन का उच्चतम स्तर है और दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी ओर देख रही है। भागवत ने जैन तीर्थंकर महावीर के 2550वें 'निर्वाण' वर्ष के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग अपनी भौतिकवादी जीवन शैली के कारण



पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद से भारत की ओर देख रही है, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी भौतिकवादी जीवन शैली उन्हें वह खुशी नहीं देती जो हर कोई चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूर्ण सत्य की खोज के लिए अलग-अलग रास्ते चुनता है। रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। हमारे समाज में कई तरह के लोग हैं, जैसे जैन, सिख। लेकिन इस देश के लोग होने के नाते हम सब एक हैं और एक रहते हुए, हमें राष्ट्र का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा, लोग आज देश और विदेश में लड़ रहे हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि उनमें एक साथ रहने की प्रवृत्ति नहीं है। वे भौतिक सुख चाहते हैं। इसीलिए, सच्चाई के नाम पर अतीत में कई रक्तपात हुए और अब भी हो रहे हैं।

## हेमंत सोरेन की ईडी की हिरासत 3 और दिन बढ़ी

**रांची।** रांची की पीएमएलए अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिमांड तीन दिन और बढ़ा दी है। इससे पहले सात फरवरी को रांची की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने उनकी हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ाई थी। बता दें कि 31 जनवरी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।



## एनएसआईटी के कैंपस का उद्घाटन




**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुजरात के दौरे पर थे। उन्होंने अहमदाबाद में नरनारायण शास्त्री प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएसआईटी) के नए कैंपस का उद्घाटन किया और अन्य कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

**लोकसभा चुनाव: विपक्षी गठबंधन इंडिया व सपा को झटका**

# राजग के हुए जयंत चौधरी, उत्तर प्रदेश में बदलेंगे सियासी समीकरण

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ मेरठ

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नीत राजग कुनबे का विस्तार करने में जुटा है। इसमें सत्तारूढ़ गठबंधन को सोमवार को एक अहम सफलता मिली, जब रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राजग में शामिल होने की घोषणा कर दी।

इससे उत्तर प्रदेश में सियासी समीकरणों का पूरी तरह बदलना तय है। केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद से ही जयंत के राजग में जाने के कयास तेज हो गए थे।

अब इसकी आधिकारिक घोषणा हो गई है। जयंत के इस फैसले से समाजवादी पार्टी और विपक्षी गठबंधन इंडिया को सियासी झटका लगा है क्योंकि जयंत चौधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ खड़े दिखाई देंगे।

इसे लेकर जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने अपने सारे विधायकों से बात कर ली है। हमें अल्प समय में यह फैसला लेना पड़ा क्योंकि परिस्थितियां ऐसी थीं।

उन्होंने कहा कि हमारे सभी विधायक और कार्यकर्ता इस फैसले में हमारे साथ हैं। वैसे अभी गठबंधन की सीटों के बंटवारे को लेकर असल तस्वीर सामने आना बाकी है।







### जाट वोटों का पलड़ा भाजपा की ओर झुकने की उम्मीद

जयंत के राजग में शामिल होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चुनावी समीकरण भी अब बदल जाएंगे। अब आगामी लोकसभा चुनाव में जाट वोट बैंक का भाजपा की तरफ झुकाव बढ़ने की उम्मीद है। चौधरी चरण सिंह जयंत चौधरी के दादा थे। अब चरण सिंह की राजनीतिक विरासत जयंत के हाथों में है। चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा पर जयंत ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया था। उन्होंने नौ फरवरी को कहा था कि सीटों के बंटवारे की बात नहीं, आज धन्यवाद देने का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं परिस्थिति को देखकर बात करता हूं। जयंत ने कहा था कि पिता अजित सिंह का अधूरा सपना पूरा हुआ है।

### कार्यकर्ताओं ने पूछा तो कर दी घोषणा

पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सोमवार को मुजफ्फरनगर से शुरू हुए ग्राम संपर्क अभियान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रालोद के राजग में शामिल होने का ऐलान करेंगे लेकिन ऐन वक्त पर नड्डा का कार्यक्रम निरस्त हो गया। इसके बाद सोमवार को जयंत चौधरी ने खुद ही राजग में शामिल होने का ऐलान कर दिया। दरअसल, सोमवार को जयंत के पिता अजित सिंह की जयंती थी। हजारों की तादाद में पश्चिम उत्तर प्रदेश से कार्यकर्ता उनको याद करने दिल्ली गए थे। वहां वे जयंत चौधरी से भी मिले। कार्यकर्ता जानना चाह रहे थे कि राजग से गठबंधन में क्या तय हुआ। अगर गठबंधन फाइनल हुआ तो आधिकारिक ऐलान अभी तक क्यों नहीं हुआ? इस पर जयंत को मीडिया के सामने तस्वीर साफ करनी पड़ी। उन्होंने ऐलान कर दिया कि हम राजग का हिस्सा बन गए हैं। इस बीच थाना भवन से रालोद के विधायक अशरफ अली ने भी राजग से गठबंधन पर किसी नाराजगी से इनकार किया। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन से पश्चिम उत्तर प्रदेश में सियासी समीकरण बदलना तय हैं।

**दस करोड़ की पेशकश का आरोप:** इधर, मधुबनी के हरलाखी से जदयू विधायक सुधांशु शेखर ने पटना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि महागठबंधन के पक्ष में वोट देने के लिए उन्हें 10 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया। दूसरे विधायक कृष्ण मुरारी शरण को मंत्री पद के ऑफर की बात कही गई।

## जरूरी खबर

### सेना प्रमुख जनरल पांडे अमेरिका की यात्रा पर रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे चार दिवसीय अमेरिकी यात्रा के लिए सोमवार को रवाना हुए। यात्रा के दौरान दोनों देशों की सेनाओं के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के उपाय तलाशे जाएंगे। सेना ने 13 से 16 फरवरी तक की उनकी यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। जनरल पांडे अमेरिकी सेना के चीफ आफ स्टाफ जनरल रैंडी जार्ज और अन्य वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। यह यात्रा भारत और अमेरिकी सेना के बीच गहराते संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है। यात्रा के दौरान कई गंभीर मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया जाएगा।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में डॉ. अब्दुल्ला को ED का समन

**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को एक नोटिस जारी कर 12 फरवरी को पूछताछ के लिए तलब किया है। इससे पूर्व ईडी ने गत 11 जनवरी को भी उन्हें अपने स्थानीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था,लेकिन डॉ अब्दुल्ला नहीं गए थे। डॉ. अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन भेजा है। ईडी ने बताया कि यह मामला जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के धन के गबन से जुड़ा है।

### भारतीय नौसेना ने की ईरान के जहाज की मदद

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने भी अरब सागर में ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज की मदद की। दरअसल ईरानी जहाज एफवी अमीन ने मदद मांगी थी, जिस पर भारतीय नौसेना की टीम मौके पर पहुंचीं। वहां देखा कि ईरानी एक व्यापारिक जहाज से टक्कर के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। इस टक्कर में ईरानी जहाज के क्रू के तीन सदस्य घायल भी हुए। नौसेना की मदद से ईरान का जहाज सफलतापूर्वक अपने देश की तरफ रवाना हो गया। भारतीय तटरक्षक ने फंसी एक मछली पकड़ने वाली नौका को बचाया है। नौका इंजन खराब होने की वजह से अरब सागर में फंस गई थी। नौका पर चालक दल के 11 सदस्य थे। तटरक्षक बल ने अपने जहाज विक्रम की मदद से नौका को खींचकर तट पर पहुंचाया।

## सपूत को सलाम... सीडीएस जनरल रावत की प्रतिमा का अनावरण





*देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को उत्तराखंड में देहरादून के टॉन्स ब्रिज स्कूल में देश के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए।*

### खुदरा महंगाई दर घटी, जनवरी में 5.1% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खुदरा महंगाई दर जनवरी 2024 में कम होकर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह पिछले तीन महीने में सबसे न्यूनतम स्तर है। दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 5.69 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई आधारित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) दिसंबर 2023 में 5.69 प्रतिशत पर था। जनवरी 2023 में यह आंकड़ा 6.52 प्रतिशत पर था। अगस्त 2023 में खुदरा महंगाई दर 6.83 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 8.3 प्रतिशत पर रही। जबकि उससे पिछले महीने यह 9.53 प्रतिशत पर थी। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दर चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। सब्जियों (27.6 फीसदी बनाम 27 फीसदी), दालों (19.5 फीसदी बनाम 20.7 फीसदी), मसालों और फलों की कीमतों में कम वृद्धि हुई और तेल और वसा के लिए कीमतों में गिरावट जारी रही।

श्रीलंका और मॉरीशस यूपीआई सेवाओं से जुड़े

# पड़ोसी देशों की मदद के लिए हमेशा खड़ा रहेगा भारत: पीएम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवा से सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस भी जुड़ गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस यूपीआई सेवा का शुभारंभ किया।

पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद थे।









इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारी नीति है पड़ोसी पहले और हमारा सामुद्रिक विजन है- सागर (Security And Growth for All in the Region) यानी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास है। हमारा लक्ष्य पूरे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास करना है। हम हिंद महसागर क्षेत्र के तीनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल तरीके से जोड़ रहे हैं।

भारत अपने विकास को अपने पड़ोसी मित्रों से अलग रखकर नहीं देखता है। पिछले 10 वर्षों में हमने दिखाया है कि भारत हर संकट की घड़ी में लगातार अपने पड़ोसी मित्रों के साथ खड़ा रहता है।

चाहे आपदा प्राकृतिक हो, हेल्थ संबंधी हो, अर्थव्यवस्था हो या अंतरराष्ट्रीय पटल पर साथ देने की बात हो। भारत प्रतिक्रिया करने वाला पहला देश रहा है और आगे भी रहेगा।

### डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर से आया है बड़ा बदलाव

उन्होंने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर भारत में बड़ा बदलाव लाया है। हमारे छोटे से छोटे गांव के छोटे से छोटे व्यापारी भी डिजिटल पेमेंट कर रहे हैं। इसमें सुविधा के साथ-साथ रफ्तार भी है। यूपीआई के पास अब नई जिम्मेदारी है।

### हाल ही फ्रांस में भी शुरू हुआ यूपीआई

हाल ही में दो फरवरी को फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टावर पर यूपीआई लॉन्च किया गया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जब भारत दौरे पर आए थे, उस समय उन्होंने जयपुर में यूपीआई भुगतान की सहूलियत का अनुभव किया था।

### विक्रमसिंघे ने दी राम मंदिर की बधाई

श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा, 'प्रधानमंत्री को राम मंदिर की बधाई दी। हजारों वर्षों से दोनों देशों के बीच भुगतान हो रहा है, लेकिन उस समय कोई सेंट्रल बैंक नहीं था। आज हम टेक्नोलॉजी को अपग्रेड कर रहे हैं। आपके पास श्रीलंका का क्यूआर और एनआईपीएल एक साथ है। जैसे-जैसे भारतीय पर्यटक श्रीलंका जाएंगे, इसका उपयोग हमारे देश के प्रत्येक गांव में किया जाएगा।


संसदीय समिति की सिफारिश

## सुप्रीम कोर्ट और HC के जज घोषित करें संपत्ति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों को अपनी संपत्ति की जानकारी घोषित करनी होगी। सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया है कि वह सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों द्वारा संपत्ति की घोषणा के लिए वैधानिक प्रविधान करने की प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए नियम बनाने की योजना बना रही है।

समिति ने सरकार को उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए अपनी संपत्ति का ब्यौरा देना अनिवार्य बनाने के लिए उचित कानून लाने की सिफारिश की है। न्याय विभाग ने कहा कि इस संबंध में शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री के साथ परामर्श शुरू कर दिया गया है और इस मुद्दे पर उसकी प्रतिक्रिया



का इंतजार है। संसदीय समिति ने न्यायिक प्रक्रियाओं और सुधारों पर अपनी पिछली रिपोर्ट पर कार्रवाई रिपोर्ट हाल ही में समाप्त हुए बजट सत्र में संसद में पेश की थी। अपनी पिछली रिपोर्ट में सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा था कि सामान्य प्रथा के रूप में सभी संवैधानिक पदाधिकारियों और सरकारी सेवकों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का वार्षिक रिटर्न अवश्य दाखिल करना चाहिए।

### न्याय प्रणाली में आएगी विश्वसनीयता

राजकोष से वेतन पाने वाले किसी भी व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपनी संपत्ति का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए। समिति ने यह भी कहा था कि उच्च न्यायपालिका-उच्चतम न्यायालय और 25 हाई कोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की घोषणा से प्रणाली में विश्वसनीयता आएगी।

रोजगार मेला: 1 लाख से अधिक युवाओं को बांटे गए नियुक्ति पत्र

## हमने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दावा भी किया कि पिछली सरकार ने दस साल में जितनी नौकरियां दी थीं, उससे डेढ़ गुणा अधिक सरकारी नौकरियां दस वर्ष में भाजपा सरकार ने दी हैं। हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है।

देशभर में सोमवार को 47 स्थानों पर आयोजित प्रधानमंत्री रोजगार मेलों के जरिए एक लाख से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर पीएम मोदी ने युवाओं को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को नौकरी देने का अभियान लगातार तेज गति से चल रहा है। सरकार भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी करने पर जोर दे रही है।




### इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास

उन्होंने दिल्ली में इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स का भी वर्चुअल शिलान्यास करते हुए विश्वास जताया कि नए ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स से कैपिसिटी बिल्डिंग की हमारी पहल को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज सरकार के प्रयासों से देश में युवाओं के लिए नए-नए सेक्टर खुल रहे हैं।

## सतगुरु रामसिंह की शिक्षाओं को किया याद



*नई दिल्ली। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी सोमवार को नई दिल्ली में सतगुरु रामसिंह की 200 वीं जयंती के अवसर नामधारी गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं।*

एयर टेक्सी सर्विस जल्द बनेगी हकीकत

# मारुति बनाएगी एयर कॉप्टर, शुरू होगी हवाई सेवा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

हवाई यात्री परिवहन सेवा में अब क्रांति आने वाली है। भारतीय कार निर्माता कंपनी मारुति इस दिशा में नई पहल करने वाली है। कंपनी की नजरें अब जमीन से परे आसमान पर टिक गई हैं। उसकी योजना अब हवाई सफर के क्षेत्र में प्रवेश करने की है।

इसके लिए कंपनी अपनी मूल जापानी कंपनी सुजुकी की मदद से इलेक्ट्रिक एयर कॉप्टर (electric air copters) विकसित करने की योजना बना रही है।

एक अंग्रेजी दैनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रिक एयर कॉप्टर ड्रोन से बड़े लेकिन पारम्परिक हेलिकॉप्टर से छोटे होंगे, जिनमें पायलट समेत कम से कम तीन यात्रियों को ले जाने की क्षमता होगी। इस कदम का उद्देश्य भारत में विस्तार करने से पहले शुरुआत में जापान और अमेरिका में उपभोक्ताओं को लक्ष्य करते हुए न्यू मोबिलिटी सॉल्यूशन में शुरुआती बढ़त हासिल करना है। यह सेवा हकीकत में आकार लेने पर हवाई टैक्सी परिवहन में क्रांति आ सकती हैं।




मारुति की अपने इलेक्ट्रिक एयर कॉप्टर के लिए न केवल भारतीय बाजार पर नजर है बल्कि वह मैन्युफैक्चरिंग लागत कम करने के लिए इनकी भारत में मैन्युफैक्चरिंग पर भी विचार कर रही है।

सुजुकी मोटर (ऑटोमोबाइल उत्पाद योजना समूह) ग्लोबल ऑटोमोबाइल प्लानिंग विभाग के सहायक प्रबंधक केंटो ओगुरा ने बताया कि कंपनी हवाई नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के साथ बातचीत कर रही है।

### तकनीक आ सकती है भारत

मारुति सुजुकी इलेक्ट्रिक एयर कॉप्टर को स्काईड्राइव नाम दिया जाएगा। मोटर और रोटर्स की 12 इकाइयों से लैस स्काईड्राइव के जापान में 2025 ओसाका एक्सपो में प्रदर्शित होने की उम्मीद है। शुरू में टारगेट मार्केट जापान और अमेरिका होगी लेकिन मारुति की योजना 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत इस तकनीक को भारत में लाने की है। कंपनी वर्तमान में भारत में संभावित ग्राहकों और पार्टनरशिप की पहचान करने के लिए बाजार रिसर्च कर रही है।

### छत से कर सकेंगे टेकऑफ और लैंडिंग

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 1.4 टन के टेक-ऑफ वजन के साथ, एयर कॉप्टर एक पारम्परिक हेलिकॉप्टर के वजन का लगभग आधा होगा। अपने कम वजन के कारण यह उड़ान भरने और उतरने के लिए इमारत की छतों का उपयोग कर सकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसके अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन के कारण, विमान के हिस्सों की संख्या काफी कम हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप मैन्युफैक्चरिंग और रखरखाव पर लागत कम हो गई है।

सरकार ने की घोषणा...

## अब इंफ्लुएंसरों को मिलेगा नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकार ने नए जमाने के इंफ्लुएंसरों एवं रचनाकारों को पहचानने और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का जश्न मनाने के लिए 'नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड' की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने कहा, नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड का उद्देश्य उन आवाजों और प्रतिभाओं को उजागर करना है, जो भारत के विकास और सांस्कृतिक आख्यान को आकार दे रहे हैं। इसके जरिए सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने वाले और डिजिटल क्षेत्र में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाले लोगों को भी पहचान दिलाई जाएगी।

### इन श्रेणियों में मिलेगा अवॉर्ड

'डिसरप्टर ऑफ द ईयर' पुरस्कार ऐसे रचनाकार को मान्यता देगा, जिसने अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन या नवीनता लाते हुए यथास्थिति को चुनौती दी है। 'सेलिब्रिटी क्रिएटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार ऐसे हाई-प्रोफाइल क्रिएटर को दिया जाएगा, जिन्होंने सकारात्मक बदलाव को प्रभावित करने के लिए अपनी प्रसिद्धि का लाभ उठाया है। 'इंटरनेशनल क्रिएटर अवॉर्ड' विदेश स्थित उन रचनाकारों को दिया जाएगा, जो भारत की संस्कृति और साफ्ट पावर को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

## निविक टेबलिंटन: 56 टीमों के हौसलों ने दर्शाई हेल्दी लाइफ स्टाइल

# फुर्ती और दिमागी कसरत से प्रदेश के प्लेयर्स ने पाई जीत

**बेधड़क | जयपुर**

कोर्ट में फुर्ती और पार्टनर के साथ जबरदस्त तालमेल से कई बेहतरीन शॉट्स लगाने के बाद जब जीत मिली तो प्लेयर्स उत्साहित हो गए। दूसरी ओर दिमाग और फोकस गेम कैरम पर कोटियों से जुगलबंदी प्रभावित कर गई। ये सब एक ही छत के नीचे देखने को मिला। मौका रहा निविक टेबलिंटन के 9वें संस्करण में बेहतरीन खेलों का, जिसमें टेबल टेनिस टीम इवेंट-फोर्टिस हॉस्पिटल विजयी रही।



### 500 प्लेयर्स ले रहे हिस्सा

टूर्नामेंट मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि डॉक्टर्स और उनके परिजनों के टूर्नामेंट में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम के मैच चल रहे हैं, जिनमें राज्य के लगभग 500 प्लेयर्स भाग ले रहे हैं। सभी स्पोर्ट्स के सभी वर्गों में कुल 56 टीमें हैं।



### ऐसे चला हार-जीत का सिलसिला

बैडमिंटन संयोजक डॉ. मणि दूबे और डॉ. दिवाकर भार्गव ने बताया कि टीम इवेंट में वर्ग में अखिला ने जेबीएसआई को 4-0 से हराया। संजीव कार्डियक केअर ने जेबीएसआई को 4-0 से हराया, खंडेलवाल हार्ट ने अखिला को 3-1 से हराया। बंसल ब्रावो ने नवनीत इमेजिंग को 7-0 से हराया। वीरेंद्र लेजर को 7-0 से हार मिली।

### देखने को मिले रोचक मुकाबले

टेबल टेनिस संयोजक डॉ. अजय नायर व डॉ. संकल्प अवस्थी ने बताया कि टेबल टेनिस टीम इवेंट में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। कैरम संयोजक डॉ. अरुण परतानी व डॉ. के के शांडिल्य ने बताया कि कैरम टीम इवेंट मुकाबलों में अरिहंत स्ट्राइकर्स ने परतानी को 3-1 से हराया, जिसमें डॉ. अखिल अग्रवाल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एक अन्य टाई में अरिहंत स्ट्राइकर्स को 5-1 से हार मिली। डॉ. अलका जैन व डॉ. सी पी सुथार का सराहनीय प्रदर्शन रहा।



## वीणा को इंटरनेशनल प्राइम अवॉर्ड्स से नवाजा गया



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान की वीणा म्यूजिक संस्था को इंटरनेशनल प्राइम अवॉड्र्स 2024 दिया गया। संस्था प्रबंध निदेशक हेमजीत मालू ने गोवा के हिल्टन रिजॉर्ट में आयोजित समारोह में यह अवॉर्ड ग्रहण किया। द इंटरनेशनल प्राइम अवॉड्र्स द्वारा आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता और नेतृत्व का प्रदर्शन तथा उपलब्धियां अर्जित करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मालू ने कहा कि वीणा संगीत समूह के अध्यक्ष के सी मालू ने लुप्त हो रही राजस्थानी संगीत की धरोहर के संरक्षण के लिए लंबा संघर्ष किया और राजस्थानी विवाह गीत ग्रंथ की शोध पूर्ण रचना करने के साथ होली गीत और रंग रंगीले राजस्थान के अन्य तीज त्यौहारो से जुड़े गीतों और नृत्यों को वीणा संगीत से पुनर्जीवित किया।

## अभिनेत्री राव ने लिया श्री कृष्ण बलराम का आशीर्वाद



**बेधड़क, जयपुर।** बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव जगतपुरा के श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर पहुंची। जहां उन्होंने भगवान कृष्ण-बलराम का आशीर्वाद लिया। अमृता ने अध्यात्मिक गुरु और हरे कृष्ण मूवमेंट के फाउंडर श्रील प्रभू पाद के दर्शन किए और अक्षय पात्र रसोई के बारे में विस्तार से जाना। रसोई में राजाना 1 लाख बच्चों के लिए भोजन बनाया जाता है। मंदिर के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरूप दास ने अभिनेत्री को हरे कृष्ण मूवमेंट के सबसे बड़े कल्चरल फेस्ट हेरिटेज फेस्ट और गीता कांटेस्ट के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने हिंगोनिया गौशाला का अवलोकन किया, जहां 16000 गायों की देखभाल देखकर वे प्रभावित हो गईं। मंदिर उपाध्यक्ष राधा प्रिय दास ने अभिनेत्री का कृष्ण बलराम की प्रतिमा देकर स्वागत किया। कल्चरल फेस्ट, हेरिटेज फेस्ट और गीता कांटेस्ट के बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी ली और जब उसकी उपयोगिता उनको पता चली तो उन्होंने सभी से खासकर बच्चों और युवाओं से हेरिटेज फेस्ट और गीता कांटेस्ट में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने सामाजिक कामों के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया।

## City इवेंट्स

### जयपुर जिला (शहर) टीम रही उपविजेता



**बेधड़क. जयपुर।** षष्ठम् राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता में जयपुर जिला की टीम अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत फाइनल में खेले गए रोमांचक 5 मैचेज में 2-3 से उपविजेता बनी। टीम झालावाड़ विजेता रही। कप्तान निकुंज छीपा ने बताया कि पूरी टीम में डॉ. अनिल यादव, राजेंद्र शर्मा, रणवीर, कुलदीप, मेजरदीन, वेदप्रकाश ने अपने असाधारण खेल कौशल का प्रदर्शन से अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अपना असीम योगदान प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और अजमेर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित द्वारा सभी विजेताओं का उत्साहवर्धन और ट्रॉफी व सर्टिफिकेट दिया गया।

### जैन मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

**बेधड़क, जयपुर।** जैन बंधुओं द्वारा मंगलवार से तीन दिन जैन तीर्थंकरों के कल्याणक दिवस तथा दिगम्बर जैन आचार्य का जन्म जयन्ती महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे और कई आयोजन किए जाएंगे।

### विशेषज्ञ दे रहे कावड़ निर्माण के टिप्स



**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित कावड़ निर्माण कार्यशाला में बस्सी चितौड़गढ़ से पहुंचे विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारिका प्रसाद सुथार व सह-प्रशिक्षक गोविंद लाल सुथार ने कावड़ निर्माण के गुर सिखाए। कार्यशाला प्रदेश की पारंपरिक कला से रूबरू होने का अवसर है। कार्यशालाओं के जरिए आमजन को लुप्तप्राय कलाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित द्वारिका प्रसाद सुथार ने बताया कि लकड़ी से कावड़ बनाने की कला 500 सालों से प्रचलित लोक कला है। भाट समुदाय के लोग बस्सी, चित्तौड़गढ़ के सुथार कलाकारों से इसे बनवाते थे। शुरुआत में इन पर धार्मिक कथाओं का चित्रण करवाया जाता था। भाट कंधे पर इस कावड़ को अपने जजमानों के घर ले जाकर इसके जरिए कथाएं सुनाते थे।

## टाटा मुंबई मैराथन में दिखाया दम

# जयपुर की भावना ने मुंबई 42 किलोमीटर रन में पाया मेडल



**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी के मजबूत कदम माया नगरी मुंबई में दौड़े तो हर कोई पीछे छूट सा गया और जूनून और हौसलों से रिकॉर्ड बने। ये थीं जयपुर की भावना पारीक, जिन्होंने हौसले की उड़ान को सलाम टाटा मुंबई मैराथन में 42 किलोमीटर की दौड़ लगाई। जुनून और लक्ष्य को लेकर मैराथन रन में दौड़े मुंबई और देश-विदेश के रनर्स के बीच भावना का जोश सबसे अलग था। वे कई मैराथन में रन कर चुकी हैं और कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने बताया जयपुर के बाहर उनकी पहली मैराथन थी, जिसे उन्होंने दिल और दिमाग के कॉम्बिनेशन से पूरा किया। उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक को अपना मेंटर बताया और कहा, कि उन्हीं से रन के बारे जानकारी ली। उनके साथ सेंट्रल पार्क रन करते हुए तैयारी की और ऐसी रन से जुड़ी जानकारियां हांसिल की, जो जो मेरे लिए महत्वपूर्ण रहीं। ये ही कारण है, कि मुंबई में 42 किलोमीटर की फुल मैराथन को 5 घंटे 37 मिनट में पूरा कर पाई और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## नेमी सागर प्रीमियर क्रॉस लैंड कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# डीसी रॉयल टीम ने जोश और जुनून से जीता सिर पर ताज



**बेधड़क | जयपुर**

निर्माण नगर में स्पोर्ट्स क्लब जयपुर टर्फ में नेमी सागर प्रीमियर क्रॉस लैंड कप क्रिकेट टूर्नामेंट में महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेल भावना दर्शाई। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति अध्यक्ष जेके जैन कालाडेरा ने बताया कि क्रॉस लैंड व नेमी सागर कॉलोनी दिगम्बर जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर सौम्या गुर्जर, समाज सेवी कैलाश चंद जैन, संजीव जैन व हितेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। लीग में 11 से 60 आयु वर्ग की महिला व पुरुषों की 6 टीमें हैं। टूर्नामेंट में पहले खेलते हुए गोधा टाइटंस को हराकर डीसी रॉयल विजयी रही। मैन ऑफ द मैच निश्चल जैन, मैन ऑफ द सीरीज निश्चल जैन, वीमेन ऑफ द सीरीज लवान्या जैन, बेस्ट बॉलर लवान्या जैन, बेस्ट बैट्समैन विपिन गोधा, बेस्ट फील्डर निश्चल जैन को पुरस्कृत किया गया। पूनम ठोलिया, प्रदीप निगोतीया, डीसी जैन, अशोक झंझरी सहित अनेक मौजूद रहे।

**फूड एग्जीबिशन** | **180 ब्लोगर्स और फोटोग्राफर का सम्मान**

# फोटोज में व्यंजन ऐसे, जैसे वह प्लेट में ही सजे हो

**बेधड़क | जयपुर**

स्वादिष्ट खाने की अलग-अलग अंदाज की तस्वीरों में भी स्वाद झलक उठा तो फूड व फोटो लवर्स रोमांचित हो गए। लोगों में संदेश दिया गया कि सुंदर नजारों या घटनाओं को ही नहीं, बल्कि खाने को भी कैमरे की नजर से देखा जा सकता है।

ये अनूठा प्रयोग होटल ग्रैंड सफारी की ओर से राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत आयोजित 2 दिवसीय फूड फोटोग्राफी एग्जीबिशन में देखने को मिला।

स्वादिष्ट खाने की अलग-अलग अंदाज की तस्वीरों को कला प्रेमियों ने सराहा। 180 पार्टिसिपेंट्स की 330 फोटोज को प्रदर्शित किया गया, जिसमें फोटोग्राफर्स, फूड ब्लॉगर्स आदि ने हिस्सा लिया। परिवार के साथ जवाहर कला केन्द्र पहुंचकर लोगों ने फोटोग्राफर्स के हुनर को सराहा।



### फूड बुक का विमोचन

फिर होटल ग्रैंड सफारी की ओर से पार्टिसिपेंट्स को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पार्टिसिपेंट्स का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि फूड फोटोग्राफी एग्जीबिशन अपने आप में अनोखी रही। फोटोज में व्यंजन को इस तरह दिखाया गया जैसे वह प्लेट में ही सजे हो। ऐसे प्रयासों से एक नए नजरिए का विकास होगा। खर्रा ने फूड बुक का विमोचन भी किया। इस मौके पर पवन गोयल-प्रमोद गोयल, टीटू प्रिंट से टीटू तनवानी, वरिष्ठ आरएएस पंकज ओझा, सीनियर आरपीएस रघुवीर सैनी, राघव गोयल, संजय कुमावत, कोमल चौहान, याशिका, दिव्या मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी में ये रहे विनर

ब्लॉगर विनर्स में बैंग्लोर की नंदिता शर्मा प्रथम, रूपाली रावत द्वितीय, संकेत तृतीय, मोहित-शंशाक बंसल चतुर्थ रहे। प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स विनर में राजेश कुमार सोनी प्रथम, तन्मय गुबलानी द्वितीय, साक्षी गोयल तृतीय, वरुण पांडे चतुर्थ रहे। आयोजक राघव गोयल ने बताया कि पार्टिसिपेंट्स को कैश प्राइज के साथ मैडल दिए। ऑन दी स्पॉट फोटोग्राफी कॉम्पिटिशन भी हुआ, जिसमें कई रंग देखने को मिले।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024



ब्रह्मांड की सभी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। यह हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और रोते हैं कि यहां अंधेरा है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## इजराइली एयरस्ट्राइक ने गाजा में मचाई तबाही

# हवाई हमलों में बच्चों समेत 100 की मौत



एजेंसी | रफाह

इजराइल के बंधक बचाव अभियान के दौरान हुए हवाई हमलों में 100 फिलिस्तीनी मारे गए। दक्षिणी गाजा शहर रफाह में अबू यूसुफ अल-नज्जर अस्पताल के निदेशक डॉ. मारवान अल-हम्स ने सोमवार को कहा कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने भी अस्पताल में शवों को लाए जाने की सूचना दी। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने छापेमारी के बाद क्षेत्र में हवाई हमले भी किए और वहां रखे गए दो बंधकों को मुक्त कराया।

### गाजा में हमास के चंगुल से छुड़ाए दो बंधक

सेना ने बयान में कहा, 'एक संयुक्त आईडीएफ (सेना), आईएसए (शिन बेट सुरक्षा एजेंसी) और राफा में इजराइल पुलिस के अभियान के दौरान दो इजराइली बंधकों को बचा लिया गया। इनकी पहचान 60 वर्षीय फर्नांडो साइमन मार्मन और 70 साल के लुई हर के रूप में हुई है। इन लोगों का हमास ने किबुतज नीर यित्जाक से अपहरण कर लिया था।' बताया गया है कि दोनों बंधकों की हालत ठीक है। उन्हें शेबा तेल हाशोमर अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

इस बीच इजराइल ने नई रिपोर्ट में कहा गया है कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली निवासियों की आबादी 2023 में लगभग तीन प्रतिशत बढ़ गई। रविवार को बस्ती समर्थक समूह 'वेस्ट बैंक जेविश पॉपुलेशन स्टेट्स.कॉम' की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर तक बस्ती में रहने वालों की आबादी बढ़कर 517,407 हो गई जो एक साल पहले 502,991 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच वर्षों में बस्ती में रहने वालों की आबादी 15 प्रतिशत बढ़ गई है।

**मारे जा चुके हैं 26 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी**

इजराइल और हमास के बीच पिछले साल सात अक्तूबर को युद्ध शुरू हुआ था। हमास के हमलों में 1,200 इजराइली नागरिक मारे गए थे, जबकि, 250 इजराइलियों को बंधक बना लिया गया था। इनमें से अब भी 130 बंधक हैं। इसके बाद इजराइल ने युद्ध का ऐलान किया और हमास पर पलटवार किया। इस युद्ध में 26000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

## PMLN को PM तो PPP को मिल सकता है राष्ट्रपति पद

# पाक में सत्ता की बंदरबाट!

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में चुनाव नतीजों के बाद किसी को भी स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ऐसे में पाकिस्तान में गठबंधन की सरकार बनेगी और उसके लिए कोशिशें भी शुरू हो गई हैं। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाली पीपीपी के बीच गठबंधन की बातचीत चल रही है। अब नवाज शरीफ ने 'सहभागी गठबंधन सरकार' बनाने का आइडिया दिया है। लाहौर स्थित नवाज शरीफ के निवास जाति उमरा में गठबंधन सरकार को लेकर बैठक हुई। बैठक में नवाज शरीफ समेत पीएमएल-एन के शीर्ष नेता शामिल हुए। बैठक के बाद नवाज ने कहा कि मौजूदा स्थिति में पीएमएल-एन के समर्थन से ही गठबंधन सरकार बन सकती है।



### गठबंधन सरकार में मिलने वाले पदों पर चर्चा

पीएमएल-एन सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने गठबंधन के लिए जो फॉर्मूला सुझाया है, उसके तहत पीएम पद पीएमएलएन को मिलना चाहिए। वहीं राष्ट्रपति और स्पीकर पद पीपीपी को मिल सकता है। हालांकि बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी प्रधानमंत्री पद पर दावा जता रही है। इसी वजह से गठबंधन के ऐलान में देरी हो रही है। गठबंधन की अन्य पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान को डिप्टी स्पीकर पद मिल सकता है। पीएमएल-एन गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते वित्त मंत्रालय रख सकती है और अन्य अहम मंत्रालय सहयोगी पार्टियों के खाते में जा सकते हैं।

### फॉर्मूले पर चर्चा जारी

पीएमएल-एन, गठबंधन के इस फॉर्मूले पर गंभीरता से विचार कर रही है, लेकिन सहयोगी दलों की चर्चा और उनकी रजामंदी के बाद ही इस पर अंतिम फैसला होगा। माना जा रहा है कि इस फॉर्मूले में थोड़ा बदलाव भी हो सकता है। अगर इस फॉर्मूले में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हुआ तो पाकिस्तान की सत्ता में नवाज शरीफ, उनके भाई शहबाज शरीफ, आसिफ अली जरदारी, बिलावल भुट्टो जरदारी, डॉ. खालिद मकबूल सिद्दीकी, मौलाना फजलुर रहमान, चौधरी शुजात हुसैन प्रमुख चेहरे हो सकते हैं।

## नौ सैनिकों की रिहाई से भारत की कूटनीतिक जीत

# अब अमीर से मिलने कतर जाएंगे मोदी

एजेंसी | दिल्ली/ अबु धाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दौरा खत्म होने के बाद बुधवार को कतर के दोहा जाएंगे। यहां वे कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात करेंगे। सोमवार को विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बताया कि पीएम मोदी के इस दौरे का मकसद भारत और कतर के रिश्तों को और मजबूत करने पर चर्चा करना है।

भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए भारतीयों को रिहा करने के कतर के अमीर के फैसले की सराहना की। नरेंद्र मोदी की कतर यात्रा का ऐलान ऐसे दिन हुआ है, जब दोहा ने कथित जासूसी केस को लेकर जेल में बंद 8 भारतीय नौ सैनिकों को आखिरकार रिहा कर दिया। कतर में इन्हें अक्टूबर 2023 को सजा-ए-मौत सुनाई गई थी। कतर की जेल से रिहा होने के बाद 7 नौ सैनिक सोमवार तड़के भारत लौट आए, जबकि 8वां सैनिक जल्द ही घर लौट आएगा। विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर में गिरफ्तार भारतीयों की रिहाई से जुड़ी प्रक्रिया की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की थी। कतर में 8.4 लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करेंगे।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री की तबीयत खराब

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की तबीयत फिर खराब हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार- ऑस्टिन को सोमवार तड़के वॉल्टर रीड मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनकी दिसंबर 2023 में उनकी प्रोस्टेट कैंसर सर्जरी हुई थी। इसके बाद वो बिना मंजूरी के कई दिन छुट्टी पर रहे थे। इस पर अपोजिशन ने इस्तीफा मांगा था, लेकिन पिछले हफ्ते प्रेसिडेंट बाइडेन और संसद से लिखित माफी मांगने के बाद उन्हें राहत मिल गई थी।

## 1 लाख साल पुराने पैरों के निशान मिले

एजेंसी | रबात

मोरक्को में एक लाख साल पुराने निशान पाए गए हैं। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये निशान इंसान के पैरों के हैं। मोरक्को, फ्रांस जर्मनी और स्पेन के वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च पब्लिश की है जिसमें दावा किया गया है कि एक लाख साल पुराने पैरों के निशान भी सुरक्षित हैं।

ये पैरों के निशान मानव विकास को लेकर कई राज खोल सकते हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी मोरक्कों में



समंदर के पास के इलाके में एक चट्टान के ऊपर पैरों के निशान पाए गए। ऐसा लगता है कि ये निशान पांच इंसानों के समूह के हैं। नेचर साइंस जर्नल में प्रकाशित रिसर्च के मुताबिक इन पैरों के निशान से ह्यूमन रेस के ओरिजिन के बारे में पता लगाया जा सकता है।

हालांकि तटीय इलाकों में होने वाला अपरदन वैज्ञानिकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कई ह्यूमन ट्रैक समंदर में गायब हो गए हैं। मोरक्को में समंदर किनारे पत्थरों पर शोध के दौरान ये पैरों के निशान पाए गए थे। जब इन निशानों को गौर से देका गया तो पता चला कि इनके साइज अलग-अलग थे।

## मोदी आज रवाना होंगे अबु धाबी

# UAE में हिंदू मंदिर का उद्घाटन कल

एजेंसी | अबु धाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर संयुक्त अरब अमीरात यूएई रवाना होंगे। इस दौरान वह अबू धाबी में बने पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्रालय ने इस दौरे से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बताया है कि यह 2015 के बाद प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की 7वीं यात्रा है।

इस मौके पर वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ कई मुद्दों पर वार्ता करेंगे। साथ ही यूएई के प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और रक्षा मंत्री से भी मुलाकात करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात के अबु धाबी में 14 फरवरी को हिंदू मंदिर का उद्घाटन से पहले पीएम मोदी अबु धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का नाम अहलान मोदी (नमस्कार मोदी) रखा गया है। पीएम मोदी के आगमन से पहले सोशल मीडिया पर जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडयम की तैयारियों का वीडियो जारी किया गया है।



### 2019 में शुरू हुआ था निर्माण

बीएपीएस हिंदू मंदिर की स्थापना अबु मुरीखाह, दुबई-अबु धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास हुई है। यह मंदिर कुल 27 एकड़ में जमीन पर बना है। इस मंदिर का निर्माण 2019 में शुरू हुआ था और मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दी थी।

### मेहमानों के लिए बच्चों ने बनाया 'छोटा खजाना'

यूएई में पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए भारतीय स्कूल के बच्चे खास उपहार बना रहे हैं। दरअसल, ये बच्चे छोटे-छोटे पत्थरों पर रंग भरकर उस पर चित्रण कर रहे हैं और इन्हीं चित्रित पत्थरों को डिब्बों में भरकर मेहमानों को उपहार के तौर पर दिया जाएगा। बच्चे तीन महीने से हर रविवार को मंदिर स्थल पर पत्थर सेवा कर रहे हैं। वे अब उपहारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इन चित्रित पत्थरों को 'छोटा खजाना' नाम दिया गया है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl